
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-135 ❐ सोमवार, 15 जून 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



संघ का कोई विरोधी नहीं है और वह हर व्यक्ति को एक संभावित स्वयंसेवक मानता है। 'हिंदू शब्द का मतलब केवल धार्मिक पहचान से नहीं है, बल्कि यह देश के सांस्कृतिक मूल्यों और सभ्यता के जीने के तरीके को दर्शाता है। मोहन भागवत

12 वर्षों में 61 प्रतिशत बढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क : केंद्र 11
वैश्विक ऑनलाइन योग ने रचा इतिहास चार लाख से ज्यादा लोगों ने किया योग 12

# युद्ध पर आखिरकार लगा विराम

## करीब चार महीने तक चले युद्ध में अरबों डॉलर का नुकसान हुआ, दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई

एजेंसी

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान के साथ अमेरिका के चल रहे युद्ध पर रविवार को आखिरकार विराम लग गया। दोनों पक्षों ने शांति समझौते पर सहमति जताई है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक अरबों डॉलर का नुकसान हुआ, वहीं हजारों लोग मारे गए। युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया।

इस युद्ध में सात हजार से अधिक लोग मारे गए। ईरान की तुलना में लेबनान में अधिक लोग मारे गए। लेबनान में कम से कम 3593, ईरान में 3468 और खाड़ी देशों में 29 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। ईरानी हमलों में 26 इजरायली और 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए हैं।

युद्ध शुरू होने के बाद से, होर्मुज जलडमरूमध्य में सैकड़ों पोत फंसे हुए हैं। यह एक अहम समुद्री रास्ता है जिससे पहले दुनिया का पांचवां हिस्सा तेल और गैस गुजरता था।

पोतों को ट्रैक करनेवाले आंकड़ों के अनुसार 28 फरवरी और 31 मई के बीच लगभग 607 पोत इस जलडमरूमध्य से गुजरे, यानी औसतन रोजाना लगभग सात पोत। युद्ध से पहले रोजाना 100 पोत गुजरते थे। जलडमरूमध्य के बंद होने से दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति उत्पन्न हुई। तेल का भंडार कम हुआ। इसके अलावा, अमेरिका ने अप्रैल के मध्य से ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिससे इस जलमार्ग पर कमर्शियल शिपिंग और भी बाधित हुई है। युद्ध की वजह से



ऊर्ज़ा बाजार में उथल-पुथल मची है और पिछले तीन महीनों में तेल की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) ने इसे अब तक का सबसे बड़ा झटका कहा है। युद्ध से पहले, तेल की कीमतों के लिए ग्लोबल बेंचमार्क माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी। युद्ध शुरू होने के एक हफ्ते के भीतर ही कीमतें 100 डॉलर के पार चली गई। 2022 के बाद पहली बार ऐसा हुआ। यह 120 डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते के तहत होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाले जहाज़ों से टोल न लेने पर सहमत हो गया है। फॉक्स न्यूज़ ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। चैनल ने बताया है कि ईरान उस रणनीतिक जलडमरूमध्य को खोल देगा जहाँ कोई टोल नहीं लिया जाएगा। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चैनल को बताया कि अगर यह समझौता हो जाता है, तो ईरान के जलडमरूमध्य खोलने के साथ ही अमेरिका नाकेबंदी हटा लेगा, जिसके बाद बारूदी सुरंगें हटाने का काम शुरू होगा। इससे पहले, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि ईरान और ओमान जल्द ही होर्मुज़ जलडमरूमध्य में शिपिंग मैनेजमेंट पर एक संयुक्त बयान जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि टोल लेने के बारे में कोई बात नहीं हुई है, लेकिन सेवाओं के लिए शुल्क लिए जाने की उम्मीद है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने यह वादा किया है कि वह न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही किसी अन्य तरीके से उन्हें हासिल करने की कोशिश करेगा। यह अमेरिका की सबसे बड़ी मांगों में से एक रही है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान के पास मौजूद उच्च स्तर पर संवर्धित (हाईली एनरिच्ड) यूरेनियम का संवर्धन स्तर भी कम किया जाएगा. हालांकि यह प्रक्रिया कैसे होगी, इस पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। दोनों पक्ष अगले 60 दिनों के भीतर इसकी तकनीकी रूपरेखा तय करेंगे।

### 25 अरब डॉलर फ्रीज्ड फंड ईरान कर पाएगा हासिल


इस समझौते का सबसे बड़ा आकर्षण ईरान के फ्रीज्ड फंड को लेकर है. ईरानी अधिकारी का दावा है कि अमेरिका करीब 25 अरब डॉलर फ्रीज किए गए फंड को जारी करने पर सहमत हो गया है. इसमें डायरेक्ट कैश ट्रांसफर, क्षेत्रीय देशों के सहयोग और वित्तीय क्रेडिट लाइन जैसी व्यवस्थाएं शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा अमेरिका कुछ समय के लिए ईरान पर लगे तेल प्रतिबंधों में भी छूट देगा। इससे ईरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोबारा तेल बेच सकेगा और उससे होने वाली कमाई अपने पास रख सकेगा. विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम ईरान की अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत दे सकता है, जो वर्षों से पश्चिमी प्रतिबंधों की मार झेल रही है।

### डील पर साइन होने के बाद खुल जाएगा होर्मुज स्ट्रेट

डील में होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा भी शामिल है। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोल देगा। इसके बदले अमेरिका ईरानी जहाजों और बंदरगाहों पर लगाई गई नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करेगा।

# भारत के साथ वैश्विक नवाचार के अगले अध्याय की रचना करे विश्व समुदाय : मोदी

एजेंसी




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया भर के निवेशकों , अनुसंधानकर्ताओं, विश्वविद्यालयों और उद्योगपतियों से भारत के साथ मिलकर मानवता की भलाई के लिए नवाचार और समस्याओं का समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि नवाचार भारत के 'डीएनए' में है और उसने हजारों वर्षों से अपने ज्ञान और नवाचार से दुनिया को नयी दिशा दी है।

फ्रांस की यात्रा पर गये श्री मोदी ने रविवार को फ्रांसीसी शहर नीस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इनेमुअल मैक्रों के साथ मिलकर ' भारत इनोवेट' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवाचार भारत के स्वभाव और संस्कारों में रचा-बसा है। उन्होंने कहा ,'' हजारों वर्षों से भारत ने अपने ज्ञान और नवाचार के माध्यम से विश्व को नई दिशा प्रदान की है। गणित से लेकर खगोल विज्ञान तक, चिकित्सा से लेकर योग तक, भारत का योगदान सम्पूर्ण मानवता की प्रगति का आधार रहा है। आज हमने इसी विरासत को नई गति और नई दिशा प्रदान की है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11-12 वर्षों में भारत ने नवाचार के लिए एक सशक्त तंत्र विकसित किया है। पेटेंट आवेदन से लेकर नवाचार संवर्धन केंद्रों के नेटवर्क तक, स्टार्टअप इंडिया से लेकर नीतिगत समर्थन तक, यह पूरी यात्रा मिशन मोड में आगे बढ़ी है। आज भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नवाचार-आधारित उद्यम (स्टार्टअप) पारिस्थितिकी तंत्र बन चुका है। रक्षा , अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्ज़ा क्षेत्र में सुधारों के मद्देनजर हो रहे नवाचार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुधारों की यह तीव्र गति रुकने वाली नहीं है, बल्कि निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा ,'' एक दशक पहले तक विश्व भारत को प्रौद्योगिकी अपनाने वाले देश के रूप में देखता था। आज भारत प्रौद्योगिकी प्रदान करने वाले देश के रूप में उभर रहा है। और भारत जो भी नवाचार करता है, जो भी समाधान प्रस्तुत करता है, उसका लाभ मानवता के एक बहुत बड़े वर्ग को प्राप्त होता है।

दुनिया भर के विशेषज्ञों का भारत के साथ मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा ,'' भारत नवाचार के माध्यम से विश्व समुदाय को भारत के साथ मिलकर वैश्विक नवाचार के अगले अध्याय की रचना करने का आमंत्रण है। हम सहभागिता चाहते हैं। हम सह-विकास चाहते हैं। हम संयुक्त अनुसंधान चाहते हैं। हम साझा विनिर्माण चाहते हैं। और हम दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं।''

उन्होंने कहा मैं आज यहाँ उपस्थित प्रत्येक निवेशक, प्रत्येक विश्वविद्यालय, प्रत्येक अनुसंधान संस्थान और प्रत्येक उद्यमी को हृदय से आमंत्रित करता हूँ। आप भारत आइए। हमारे साथ मिलकर कार्य कीजिए। भारत में कल्पना कीजिए। भारत में विकास कीजिए। और सम्पूर्ण विश्व के लिए समाधान तैयार कीजिए। फ्रांस के साथ भारत के विशेष संबंधों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व में विभिन्न देश एक-दूसरे के साथ व्यापार करते हैं। अलग-अलग देशों के बीच सामरिक साझेदारियाँ भी होती हैं। लेकिन कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो केवल साझा हितों से ही नहीं, बल्कि साझा दृष्टिकोण से भी प्रेरित होते हैं। भारत और फ्रांस का संबंध कुछ ऐसा ही है।

उन्होंने कहा ,'' इस संबंध में जुड़ाव भी है और दृढ़ विश्वास भी। इस संबंध में नवाचार भी है और प्रेरणा भी। इसमें साझा मूल्य भी हैं और साझा दृष्टि भी है।'' उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने इसी संबंध की मजबूत नींव पर पिछले वर्षों में मिलकर अनेक नई पहलें आरम्भ की हैं। नए विचारों को दिशा दी है और वैश्विक चुनौतियों के समाधान खोजने का भरसक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट' का यह मंच भारत की प्रतिभा और यूरोपीय निवेश क्षमता के बीच एक सेतु का कार्य कर रहा है।

## संक्षेप

### अमेरिका ने डूब रही नौका से 14 भारतीयों का बचाया

**मस्कट।** ओमान के तट के पास समुद्र में डूब रही एक नौका पर सवार 14 भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए अमेरिकी नौसेना ने बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाया। अधिकारियों के अनुसार नौका से सभी भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सूत्रों के मुताबिक भारतीय ध्वज वाली नौका 'विराट-1' रविवार सुबह ओमान के रास अल हद्द से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में संकट में फंस गई थी। उसके डूबने की सूचना मिलते ही अमेरिकी नौसेना ने तटीय अधिकारियों को सतर्क किया और बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान के तहत अमेरिकी नौसेना के पी-8 समुद्री गश्ती विमान ने मौके पर पहुंचकर नौका के निकट एक लाइफ राफ्ट (बचाव नाव) गिराई और उसमें सवार लोगों की निकासी प्रक्रिया की निगरानी की। इसके अलावा अमेरिकी नौसेना ने पास से गुजर रहे व्यापारी पोत 'एमवी जबाल अली 9' के जरिये भी सहायता का समन्वय किया। सूत्रों के अनुसार, नौका के डूबने की स्थिति बनने के बाद चालक दल के सदस्य लाइफ राफ्ट में सवार हो गए। नौका के अचानक डूबने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

### सीतापुर और रामपुर में आज से पूर्व बुकिंग पर मिलेगी खाद

**लखनऊ।** रामपुर एवं सीतापुर में 15 जून से यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों का वितरण 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' ऐप के माध्यम से पूर्व बुकिंग के आधार पर किया जाएगा। किसानों को उर्वरक के लिए ऐप पर बुकिंग करनी होगी, जिसके बाद वे निर्धारित विक्रेता से अपनी खाद प्राप्त कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से किसानों को समय पर और सुनिश्चित उर्वरक की उपलब्धता होगी, निकटतम विक्रेता की खोज आसान होगी और उनके समय व श्रम की भी बचत होगी। यह पूरी व्यवस्था क्यूआर कोड और टोकन आधारित होगी, जो पूरी तरह से पारदर्शी, सरल और सुगम है। इससे किरायेदार एवं बटाईदार किसानों को भी उर्वरक का पूरा लाभ मिल सकेगा। इसका लाभ उठाने के लिए किसानों को अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप के भीतर बुकिंग की प्रक्रिया को 4 सरल चरणों में बांटा गया है।

## आज लखनऊ से सीधे नोएडा के ख्वाब को मिलेंगे पंख

लखनऊ। नोएडा के जेवर एयरपोर्ट के लिए लखनऊ से पहली सीधी फ्लाइट सोमवार को उड़ान भरेगी। इसके बाद 1 जुलाई से नियमित सीधी उड़ान सेवा शुरू होगी। पहली फ्लाइट की सीटें पूरी तरह से फुल हो चुकी हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए संचालित होने वाली पहली कमर्शियल उड़ान से नोएडा के 75 प्रमुख कारोबारी परिवार यहां से रवाना होंगे। इन कारोबारी परिवारों में रियल एस्टेट, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, शिक्षा, हॉस्पिटैलिटी और सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योगपति शामिल हैं। इनका योगदान नोएडा और आसपास के क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण माना जाता है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद समेत कई शहरों, नगरीय इलाकों के यात्रियों की दिक्कत नई विमान सेवा से दूर होंगी। इंडिगो एयरलाइंस 15 जून को लखनऊ से जेवर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पहली उद्घाटन उड़ान लॉन्च करेगी, जो जुलाई से रोजाना संचालित होगी। लखनऊ से फ्लाइट का नंबर 6ई-2278 ● शेष पेज 11 पर

# तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने 22 सांसदों के समर्थन का किया दावा

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कंग्रेस के बागी गुट ने रविवार को दावा किया कि लोकसभा में उनकी संख्या बढ़कर 22 सांसदों की हो गयी है और कहा है कि वे सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से संपर्क कर एक अलग संसदीय गुट के रूप में मान्यता देने की मांग करेंगे।

तृणमूल की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने रविवार सुबह असंतुष्ट खेमे की बैठक में शामिल होने के लिए नयी दिल्ली रवाना होते समय यह दावा किया।उन्होंने कहा कि जिस समूह ने पहले 20 सांसदों के समर्थन का दावा किया था, अब उसमें दो और सांसद शामिल हो गये हैं, जिनके नामों का खुलासा उनके औपचारिक रूप से गुट में शामिल होने के बाद किया जायेगा। सुश्री काकोली ने कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, ''हम एक बैठक के लिए दिल्ली जा रहे हैं। हमारे साथ 22 सांसद हैं।''उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने सोमवार का वक्त दिया है, जब वे औपचारिक रूप से संसद में अलग गुट के रूप में मान्यता की मांग करेंगे। बागी खेमे के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआत में कोलकाता में तय की गयी बैठक को नयी दिल्ली में बुलाया गया है। रिपोर्टों में अंदेशा जताया गया था कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी बैठक में शामिल हो सकते हैं, लेकिन माना जा रहा है कि वह दीघा-शंकरपुर विकास प्राधिकरण के एक आधिकारिक कार्यक्रम के कारण वहीं रुक गये हैं। सुश्री माला रॉय, सुश्री सायानी घोष, सुश्री जून मलिया, ● शेष पेज 11 पर



❐ काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में अलग संसदीय गुट की मान्यता के लिए आज लोकसभा अध्यक्ष से मिलेगा बागी खेमा

### ममता ने सायनी को युवा विंग के अध्यक्ष पद से हटाया

कोलकाता, एजेंसी। पार्टी में बगावत के बीच तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सायनी घोष को टीएमसी की युवा विंग के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। इनकी जगह युवा नेता अर्नब बनर्जी को नियुक्त किया गया। साथ ही कोलकाता दक्षिण की सांसद माला रॉय की जगह नदिया जिले के कालीगंज से पार्टी विधायक अलीफा अहमद को तृणमूल महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। माना जा रहा है कि सायनी घोष और माला रॉय लोकसभा में टीएमसी के बागी सांसदों के गुट में शामिल हो गई हैं।

# उदयपुर इंटरसिटी में आग की अफवाह, चार की मौत

एजेंसी

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को एक दुखद रेल दुर्घटना में तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतर गए और दूसरी पटरी पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

रेलवे सूत्रों के अनुसार घटना झांसी मंडल के हेतमपुर-धौलपुर रेलखंड पर उस समय हुई, जब गाड़ी संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में अलार्म चेन पुलिंग के बाद ट्रेन रुक गई। इसी दौरान ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैल गई, जिससे कुछ यात्री घबराकर नीचे उतर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यात्रियों को समीपवर्ती लाइन पर तेज गति से आ रही गाड़ी संख्या 20424 फिरोजपुर-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस का अंदाजा नहीं लग सका और चार यात्री उसकी चपेट में आ गए। दुर्घटना में तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी। सूचना मिलते ही सरकारी रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल तथा स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रेलवे प्रशासन ने ● शेष पेज 11 पर



**दर्दनाक**

❐ ट्रेन में आग की अफवाह सुनकर कूदे यात्री, दूसरी ट्रेन की चपेट में आए

## सड़कों के निर्माण कार्य में नहीं बर्दाश्त की जाएगी हीलाहवाली : योगी आदित्यनाथ


# गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन में गोरखपुर एवं आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने शासन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों मंडलों में संचालित पुरानी व गतिमान परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए और हर काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

उन्होंने मानसून (बरसात) से पहले की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और उन्हें समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। श्री योगी ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर सड़कों का काम



तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। जून के अंत तक सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जाएं और इसके तुरंत बाद शिलान्यास कराया जाए। सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि काम बीच में न रुके और समय से पूरा हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कराएं। इसकी कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय से धनराशि स्वीकृत हो सके। साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी समय से पूरी की जाए। कार्यों में गति लाने के लिए संबंधित कमिश्नर व जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित बैठकें कर समीक्षा करें, जिससे निर्माण कार्यों की प्रगति हर हाल में सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कार्यों की प्रभावी निगरानी पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मौके का मुआयना करें और तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सेतु निगम के कार्यों में सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और उनके लिए सुरक्षा किट का पूरा इंतजाम रहे। सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने देवरिया में निर्माणाधीन .मोहन सेतु. के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थल का निरीक्षण करने और सेतु निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो भी ठेकेदार श्बिलो टेंडरश ले रहे हैं, उन पर पैनी नजर रखी जाए और ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाए।

बैठक में केंद्रीय मंत्री व बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, कुशीनगर के सांसद विजय दुबे, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, राजेश त्रिपाठी, विमलेश पासवान, सरवन निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश निषाद, पीएन पाठक, विवेकानंद पांडेय समेत गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के विधानसभा क्षेत्रों के विधायक मौजूद रहे।

## पेड़ों की बनेगी यूनिक आईडी, मिलेगा संपत्ति का दर्जा

लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के लिए समाज कल्याण विभाग ने नई शुरुआत की है। विभाग अपने सभी जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों में वृक्ष संपत्ति प्रबंधन योजना लागू की है। इसके तहत प्रत्येक पेड़ की एक यूनिक आईडी होगी। इससे निगरानी, संरक्षण और प्रबंधन बेहतर होगा। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने जरूरी निर्देश जारी किए हैं।

नई व्यवस्था के तहत पेड़ों का व्यापक सर्वेक्षण कराया जाएगा। प्रत्येक पेड़ को एक विशेष पहचान संख्या दी जाएगी और उसकी प्रजाति, स्थान, अनुमानित आयु तथा वर्तमान स्थिति का पूरा विवरण वृक्ष परिसंपत्ति पंजिका में दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही सभी पेड़ों की फोटो लेकर उनका डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि संस्थानों में मौजूद सभी पेड़ों को अब परिसंपत्ति के रूप में दर्ज किया जाएगा। किसी भी ● शेष पेज 11 पर

# मृत बच्ची के जन्म पर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- डिलीवरी में लापरवाही, नवजात की मौत और मोटी रकम वसूली के आरोप
- पहले भी सरोगेसी प्रकरण को लेकर चर्चा में रह चुका है यह अस्पताल

बख्शी का तालाब, लखनऊ : इटौंजा क्षेत्र के महोना स्थित सहारा वेलफ़ेयर हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। मृत बच्ची के जन्म के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक डॉ. अफजल पर प्रसव के दौरान गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से की गई है। परिजनों ने जांच कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

अरम्बा गांव निवासी कोमल को 30 मई को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों ने सिजेरियन ऑपरेशन की सलाह दी। आरोप है कि ऑपरेशन और उपचार के नाम पर करीब 60 हजार रुपये वसूले गए। इसके अलावा एक यूनिट रक्त के लिए भी 7 हजार रुपये खर्च करने पड़े। तमाम खर्च और उपचार के बावजूद महिला ने मृत बच्ची को जन्म दिया।

प्रसूता की सास रजना ने आईजीआरएस पोर्टल समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि सामान्य प्रसव की संभावना होने के बावजूद ऑपरेशन किया गया। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित उपचार और निगरानी मिलती तो नवजात की जान बचाई जा सकती थी।परिजनों का यह भी आरोप है कि ऑपरेशन के बाद प्रसूता की हालत लगातार बिगड़ती रही। बाद में दूसरे अस्पताल में उपचार के दौरान ऑपरेशन के टांकों में गड़बड़ी और संक्रमण की बात सामने आई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि चिकित्सक की मौजूदगी में नर्सों और महिला सफाई कर्मी से टांके लगवाए गए, जिससे मरीज की स्थिति और गंभीर हो गई।




पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री पोर्टल और स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो अस्पताल के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।वहीं अस्पताल के चिकित्सक डॉ.अफजल ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि मरीज का उपचार चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप किया गया। रक्त की व्यवस्था अस्पताल द्वारा कराई गई थी और ब्लड बैंक से प्राप्त रक्त ही प्रसूता को चढ़ाया गया था।

### पहले भी विवादों में रह चुका है अस्पताल

स्थानीय लोगों के अनुसार सहारा वेलफ़ेयर हॉस्पिटल और डॉ. अफजल का नाम कुछ समय पहले चर्चित सरोगेसी प्रकरण में भी सामने आया था। आरोप था कि कथित तौर पर सरोगेसी के जरिए जन्मे नवजात को दूसरे दंपती को सौंपा गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले का संज्ञान लिया था। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि जांच आगे नहीं बढ़ सकी और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब डिलीवरी में कथित लापरवाही और मृत बच्ची के जन्म के मामले ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सीएचसी इटौंजा के अधीक्षक डॉ.अवधेश ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलने पर जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# अब भी रास्ते में नगर निगम की 'धीमी गति एक्सप्रेस'

- फरीदीपुर रोड निर्माणः कार्य प्रगति पर है नगर निगम का वह अमर वाक्य, जो सड़क से ज्यादा लंबा चल रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम की कार्यशैली पर अगर कोई शोध किया जाए तो दुबग्गा क्षेत्र के अंधे की चौकी के बगल का यह निर्माणाधीन मार्ग निश्चित ही ''जीवंत प्रयोगशाला'' घोषित कर दिया जाएगा। यहां पिछले कई महीनों से नाली और सड़क निर्माण का कार्य इतनी अद्भुत गति से चल रहा है कि राहगीरों को आज तक यह समझ नहीं आया कि बन क्या रहा है और कब तक बनेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू हुए इतना समय हो गया है कि आसपास के बच्चे अब ''नाली निर्माण'' को इतिहास विषय का हिस्सा समझने लगे हैं। सड़क पर पड़े गड्ढे और अधूरा निर्माण क्षेत्र अब इलाके की पहचान बन चुके हैं। ई-रिक्शा चालक, मोटरसाइकिल सवार और स्कूल जाने वाले बच्चे आए दिन यहां गिरकर अपने संतुलन और सहनशक्ति की परीक्षा देते रहते हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई वाहन चालक तो अब इस मार्ग को सड़क नहीं बल्कि ''एडवेंचर ट्रैक'' समझकर पार करते हैं। कुछ लोग तो मजाक में कहते हैं कि यदि यहां से बिना फिसले या गिराए निकल गए तो समझिए आपकी ड्राइविंग में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की पूरी संभावना है। उधर नगर निगम जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं और गलती से उठ भी जाता है तो उनका पक्ष भी कम दिलचस्प नहीं है। हर शिकायत पर वही कालजयी उत्तर मिलता है ''कार्य प्रगति पर है, बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। यह वाक्य इतना पुराना हो चुका है कि क्षेत्र के लोग इसे नगर निगम का आधिकारिक नारा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर निर्माण की यही रफ्तार रही तो नाली और सड़क का उद्घाटन शायद अगली पीढ़ी के हाथों ही संभव होगा। फिलहाल राहगीर गिर रहे हैं। बच्चे चोट खा रहे हैं। वाहन फंस रहे हैं और जिम्मेदार विभाग प्रगति की ऐसी परिभाषा लिख रहा है जिसे समझना आम आदमी के बस की बात नहीं। दुबग्गा के निवासियों का सवाल सीधा है क्या सड़क और नाली का निर्माण पहले पूरा होगा या कार्य प्रगति पर है वाला बोर्ड इतिहास बन जाएगा? फिलहाल जवाब गड्ढों में कहीं खोया हुआ दिखाई देता है।

# अल्पसंख्यक सभा में चार राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की समाजवादी अल्पसंख्यक सभा में संगठन विस्तार के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हज़रत मौलाना इकबाल कादरी तथा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद यामीन खान ने नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चार नेताओं को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है।

संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए मुजाहिद खान को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। वहीं पूर्व प्रदेश सचिव रह चुके युनुस राईनी को भी पदोन्नति देते हुए राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिख समुदाय में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सूरज पाल सिंह को संगठन के सामाजिक विस्तार और समावेशी रणनीति के तहत राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा समाजसेवी अम्मार कुरैशी को भी राष्ट्रीय सचिव का दायित्व दिया गया है।

पार्टी नेताओं का कहना है कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाजवादी अल्पसंख्यक सभा जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। साथ ही वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच और प्रभाव बढ़ाने में मदद मिलेगी।



मुजाहिद खान यूनुस राईनी



सूरज पाल सिंह अम्मार कुरैशी

- मुजाहिद खान, युनुस राईनी, सूरज पाल सिंह, अम्मार कुरैशी समाजवादी अल्पसंख्यक सभा में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

# केजीएमयू में टंकी साफ करने उतरे पंप ऑपरेटर की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- करंट से मौत होने का दावा, परिजनों ने केजीएमयू में किया हंगामा
- लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई व मुआवजे की मांग



लखनऊ। चौक कोतवाली इलाके में स्थित केजीएमयू परिसर में रखे पानी की टंकियों के सफाई के लिए बिना सेफ्टी संसाधन के उतरे पंप ऑपरेटर राहुल गौतम 25 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे ट्रॉमा सेंटर ले गयी लेकिन तब तक राहुल ने दम तोड़ दिया था। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि राहुल की टंकी की सफाई के दौरान करंट के चपेट में आने से मौत हो गयी है। वहीं घटना की जानकारी होते ही उनका भाई परिवार के अन्य सदस्यों व साथियों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचा। जहां इस घटना को लेकर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि बिना सुरक्षा संसाधनों के राहुल को टंकी की सफाई के लिए उतारा गया है। उसे महज सात से आठ हजार रुपए ही दिये जाते थे। परिजनों व उसके साथियों ने लापरवाह लोगों पर कार्रवाई, मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर कई घंटे तक हंगामा करते रहे। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। बताया जा रहा है कि दुबग्गा के लीलाखेड़ा गांव का रहने वाले रमेश गौतम का बेटा राहुल गौतम केजीएमयू में गोविंद फायर सर्विसेज के अंतर्गत पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। रविवार को राहुल को केजीएमयू की टंकियों की सफाई के लिए भेजा गया। गोविंद फायर सर्विसेज के अफसरों ने बिना सुरक्षा संसाधन किट को उपलब्ध कराये ही पानी की टंकी की सफाई के लिए उतार दिया। जिसके कुछ ही देर में अचानक वह बेसुध हो गया। बताया गया कि उसे करंट लगा है, लिहाजा अन्य साथी और जानकारी पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस से जानकारी मिलते ही उसका पिता रमेश परिवार के अन्य सदस्यों व साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं इस घटना से नाराज परिजनों ने साथियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर केजीएमयू में जमकर हंगामा किया। वह मुआवजा और लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर घंटों डटे रहे। आखिरकार पुलिस व प्रशासन के लोगों ने हंगामा कर रहे लोगों को आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस का कहना है कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है, यदि परिजनों द्वारा कोई तहरीर दी जायेगी तो एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बालाजी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब रुद्राभिषेक के बाद हुआ विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। करोरा स्थित प्रसिद्ध श्री बालाजी धाम एवं शिव मंदिर में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। मन्नत पूरी होने के बाद सपरिवार कराए गए भव्य रुद्राभिषेक के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव और श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य मधुसूदन तिवारी ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इसके बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय श्री बालाजी महाराज के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। मंदिर को भव्य रूप देने में जुटे वृजेश द्विवेदी ने बताया कि श्री बालाजी धाम में श्रद्धा और सेवा भाव से समय-समय पर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।



इन आयोजनों से क्षेत्र में आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। भक्त आराधना तिवारी ने बताया कि कुछ माह पूर्व उन्होंने श्री बालाजी धाम में मन्नत मांगी थी, जिसके पूरा होने पर सपरिवार रुद्राभिषेक और विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। इस मौके पर अश्वनी द्विवेदी, गोविंद तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, दुर्गा प्रसाद शुक्ला, रमेश द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, राहुल, लालजी, बच्चू, धीरज, अभय, राम प्रताप एवं उमा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य वर्णन



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां क्षेत्र के मीरख नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास श्री कृष्णा नन्द मृदुल जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का मनमोहक वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने कंस के अत्याचारों से परेशान प्रजा और धरती पर बढ़ रहे अधर्म की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाराज जी ने बताया कि जब अत्याचार बढ़ने लगे और धर्म की रक्षा के लिए भगवान ने अवतार लेने का संकल्प किया। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी निकली, पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण का स्वागत किया , तत्पश्चात भक्तों द्वारा केक भी काटा गया, आयोजन स्थल पर भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए मौजूद रहे।

## सही दिशा एवं मार्ग दर्शन के लिए खोला गया कंफ्यूजन का सोल्यूशन सेंटर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज ब्लॉक के बड़ी सिटकहा गाँव में अर्थ फाउंडेशन संस्था की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए 'कन्फ्यूजन का सॉल्यूशन सेंटर' का उद्घाटन किया गया। इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, जीवन में लक्ष्य निर्धारण और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सही दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक जानकारी और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम मे दिए जाने वाले शिक्षण पूर्ण रूप से निशुल्क रहेगी क्र इस सेंटर का खर्च अर्थ फाउंडेशन द्वारा वहन किया जायेगा। कार्यक्रम में महमूदपुर गाँव के प्रधान सर्वेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक दुर्गेश कुमार, अंबेडकर पंचायत सहायक सतीश कुमार एवं अर्थ फाउंडेशन की ओर से संस्था की प्रेसिडेंट कृति प्रकाश,सचिव मनीष कुमार बहेल, संस्था के कार्यकर्ता विनय कुमार राय एवं कोमल ने प्रतिभाग किया। महमूदपुर गांव के प्रधान सर्वेश कुमार ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर छत्तीसगढ़ भगाने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 2 दिसम्बर 2025 को वादी ने थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को धनुष नाम का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धनुष निवासी छत्तीसगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश कर रही थी। जिसे तकनीकी सर्विलांस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ग्राम मस्तेमऊ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपी धनुष साहू पुत्र रामअवतार साहू, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 13 तिलईभांठ, थाना कुंडा, जनपद कवर्धा महली, छत्तीसगढ़ ने पूछताछ में बताया कि वह पहले लखनऊ के पिन्टल पार्क में काम करता था। वहीं शिव कैलाश नाम के व्यक्ति के साथ मजदूरी करता था।काम के सिलसिले में शिव कैलाश के घर आना-जाना हो गया और इसी दौरान उनकी नाबालिग बेटी से प्रेम संबंध बन गए। 29 नवम्बर 2025 को मौका पाकर वह लड़की को शादी का झांसा देकर लखनऊ से अपने गांव छत्तीसगढ़ ले गया था। पुलिस की तलाश की भनक लगने पर वह डर के कारण लखनऊ नहीं लौटा। गांव में काम न मिलने और पैसे की तंगी के चलते वह दोबारा काम की तलाश में लखनऊ आया था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# मलिहाबाद में मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। महमूदनगर रेलवे फाटक के पास रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार महमूदनगर रेलवे फाटक के निकट ट्रैक पोल संख्या 1094/05 और 1094/07 के बीच एक अधेड़ व्यक्ति के ट्रेन से कटकर मौत होने की पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक पुरुष का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान हबीब 50 वर्ष पुत्र नन्हे निवासी ग्राम गढ़ी बाहरौली थाना हसनगंज उन्नाव के रूप में हुई। बताया गया कि हबीब अपने रिश्तेदारों के यहां ग्राम नई बस्ती धनेवा आया हुआ था। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक में नए कार्यकर्ताओं ने ली सदस्यता

लखनऊ। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह ''राजा भैया'' के दिशा-निर्देश पर रविवार को पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने एवं जनाधार का विस्तार करने के लिए राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर नव-नियुक्त कार्यकर्ताओं को सदस्यता पत्र वितरित किए गए। प्रदेश कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर शीर्ष नेतृत्व से प्रदेश प्रधान महासचिव कुंवर डॉ. बृजेश सिंह राजावत, जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह सूरज व जिला महासचिव अमोद सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति की महिला किसानों को मिलेगा आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिला किसानों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 करोड़ 95 लाख 83 हजार रुपये से अधिक की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए उन्हें सशक्त किसान और उद्यमी के रूप में विकसित करना है।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में स्वीकृत इस धनराशि से विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की महिला किसानों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। परियोजना के माध्यम से महिला किसानों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता, आधुनिक कृषि तकनीक, आजीविका संवर्धन तथा बाजार से जोड़ने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान संख्या-83 (अनुसूचित जाति मद) के मानक मद-27 सब्सिडी के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी केन्द्रांश की धनराशि 2 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये तथा उसके सापेक्ष राज्यांश की धनराशि 1 करोड़ 98 लाख 33 हजार रुपये सहित कुल 4 करोड़ 95 लाख 83 हजार रुपये की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रदान की गई है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को कृषि क्षेत्र में केवल श्रमिक के रूप में नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली सशक्त किसान और सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। इसके माध्यम से महिला-प्रधान परिवारों तथा संसाधन विहीन समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उनकी आय वृद्धि और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महिला किसान जब सशक्त होंगी तो परिवार, गांव और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी और मजबूत होगी।

# युवाओं को सही मार्गदर्शन देना सच्ची राष्ट्र सेवा : कुंवर मानवेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति के तत्वाधान में रविवार को गोमती नगर स्थित एसकेडी अकादमी के सभागार में रविवार को ''हल्दीघाटी दिवेरघाटी, विजयोत्सव सामाजिक सरोकार एवं सम्मान समारोह'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश कुंवर मानवेंद्र सिंह एवं राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जेपीएस राठौर ने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाले प्रादेशिक, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का सम्मान बढ़ाने वाले क्षत्रिय परिवार के 36 विभूतियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही इंटरमीडिएट व हाई स्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 112 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि समाज तब तक विजयी या सशक्त नहीं हो सकता, जब तक समाज का हर वर्ग एक-दूसरे का हाथ थामकर खड़ा न हो। आज के इस आधुनिक और तकनीकी युग में जहाँ मोबाइल स्क्रीन ने हमारे बीच दूरियां बढ़ा दी हैं, हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। शिक्षा का उजियारा फैलाना, समाज के वंचितों की मदद करना, पर्यावरण की रक्षा करना और युवाओं को सही मार्गदर्शन देना ही आज के समय की सच्ची राष्ट्र सेवा है। समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि क्षत्रिय सर्व समाज के लिये काम करता आया है लेकिन फिल्मों ने क्षत्रिय समाज की छवि को लगातार खराब करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमित के प्रदेश अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह जो बीड़ा उठाते हैं उसे पूरा करते हुए अंत तक ले आते हैं।

इस मौके पर मंत्री जीपीएस राठौर ने भारतीय इतिहासकारों पर भी जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने क्षत्रियों के साथ बहुत अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि इतिहासकारो ने महाराणा प्रताप की जगह अकबर को महान बताया। महाराणा प्रताप ने भीलो और वंचित समाज को लेकर युद्ध किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ही थे जो सर्व समाज को लेकर चलते थे।

इस मौके पर मौजूद पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हमें धर्म और कर्तव्य का बोध होता है। समझ में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग जूही सिंह ने कहा कि आज का छात्र कल का भविष्य है, उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक जुट होकर राष्ट्र को मजबूत करना है। समारोह को महासमिति के अध्यक्ष, बाबा हरदेव सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज को विषम परिस्थितियों से उबारने के लिए बहुत बड़े प्रयास की जरुरत है। ऐसी दशा में इस संगठन की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं में आगे बढ़ने की इच्छा जाग्रत करे और उन्हें हर स्तर पर मजबूत बनाने का प्रयास करे।

# महमूदाबाद पुलिस ने रिकवर किए 7 गुमशुदा मोबाइल स्वामियों को लौटाए, लोगों ने की पुलिस की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) एवं क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महमूदाबाद पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

प्रभारी निरीक्षक भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सीईआईआर (एक्स्ट) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए विभिन्न कंपनियों के कुल 7 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस द्वारा सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द कर दिए गए। लंबे समय बाद अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर स्वामियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।




उन्होंने सीतापुर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। मोबाइल प्राप्त करने वालों में पवन कुमार, शिव कुमार, नीलम देवी, अमर सिंह, नीरज कुमार, संदीप कुमार तथा अलाउद्दीन शामिल हैं। सभी मोबाइल फोन थाना महमूदाबाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं मोहल्लों के निवासियों के थे। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक भानुप्रताप सिंह के निर्देशन में आरक्षी मोहित चौधरी एवं आरक्षी राजा बेटा की विशेष भूमिका रही। उनके अथक प्रयासों से गुमशुदा मोबाइलों को खोजकर उनके मालिकों तक पहुंचाया जा सका। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल को जनहित में सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे आम नागरिकों का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

# कृषि और पशुपालन का अभिन्न रिश्ता- एक दूसरे के पूरक, मृदा होगी स्वस्थ तभी होगा टिकाऊ उत्पादन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । कृषि विज्ञान केंद्र कटिया, सीतापुर द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को कृषि, पशुपालन एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने विकासखंड मछरेहटा के ग्राम बहादुरपुर एवं पांडेयखेड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती, आत्मनिर्भर कृषि, स्थानीय संसाधनों से खाद, बीज एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की तकनीकों पर विस्तार



से चर्चा की। उन्होंने किसानों को खेती की लागत कम करने तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक उपायों को अपनाने की सलाह दी।

मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने विकासखंड पहला के ग्राम डिकौली एवं संडौर में किसानों को मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ खेती की लागत भी कम की जा सकती है।

वहीं पशु विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. आनंद सिंह ने विकासखंड एलिया के ग्राम मुस्तफाबाद एवं तिहार में पशुपालकों को उन्नत पशुपालन, पशुओं के संतुलित आहार, टीकाकरण, रोग नियंत्रण एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों को कृषि के साथ पशुपालन को जोड़कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रमों में कृषि विभाग के अधिकारियों, एडीओ कृषि, प्रसार कर्मियों एवं क्षेत्रीय किसानों ने सहभागिता की। वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान भी बताए तथा कृषि एवं पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए सुझाव दिए।

अभियान का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों से जोड़कर उनकी आय एवं उत्पादन में वृद्धि करना है।

# सीतापुर में अनोखा भंडारा: 101 जरूरतमंदों को 'श्री हनुमान अनाज व सम्मान किट' का वितरण

## ज्येष्ठ माह में सेवा की मिसाल, लालबाग चौराहे पर दिखी संवेदनशील पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर शनिवार को शहर के प्रमुख स्थल लालबाग चौराहे पर सेवा, सम्मान और संवेदनशीलता का अद्भुत संगम देखने को मिला। जाने-माने शिक्षक आकाश मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित 'श्री हनुमान अनाज किट एवं सम्मान किट वितरण समारोह' ने गरीब, असहाय और श्रमजीवी वर्ग के चेहरों पर खुशी की नई रोशनी बिखेर दी। शाम 5 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में 101 चिन्हित जरूरतमंदों-जिनमें रिक्शा चालक, ठेला चालक, बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार शामिल थे-को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्हें जीवनोपयोगी सामग्री से युक्त किट सौंपी गई। आयोजन



पूरी तरह पारदर्शी और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसकी स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की।

मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन नेहा अवस्थी और उनके प्रतिनिधि नामिंद्र अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में विकास चतुर्वेदी, आशीष शास्त्री, मनीष मिश्र, मीतू बाजपेयी,आशीष मिश्र और अजय मिश्र शामिल रहे। सम्मान के साथ मिला जीवनोपयोगी संबल आयोजन के संयोजक आकाश मिश्रा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल मदद करना नहीं, बल्कि समाज के मेहनतकश वर्ग को सम्मान देना और यह भरोसा दिलाना है कि शहर उनके साथ खड़ा है।

प्रत्येक किट में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं-1 किलो आटा, चावल, आलू, चीनी, नमक, शुद्ध सरसों का तेल, साथ ही पौष्टिकता के लिए ताजे फल। इसके अलावा गर्मी से राहत के लिए अंगौछा और आस्था के प्रतीक के रूप में श्री हनुमान जी की पावन छवि भी दी गई।

सहयोगियों ने निभाई अहम भूमिका इस बड़े सेवा कार्य को सफल बनाने में कमलेश पांडेय, सागर गुप्ता, भानु चतुर्वेदी, लोकांत दीक्षित, आदर्श पांडेय, सौरभ महेंद्र, मृत्युंजय मिश्रा, विजय सेठ, शिवांक, साहिल तिवारी, हर्ष पुरी, अभय श्रीवास्तव, मनोज तिवारी और आशीष मिश्रा 'गीतू' सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में जब बुजुर्गों और श्रमिकों को अंगौछा ओढ़ाकर किट सौंपी गई, तो कई की आंखें नम हो उठीं। लालबाग चौराहे पर हुए इस मानवीय और प्रेरणादायक आयोजन की शहरभर में सराहना हो रही है।

# वित्त मंत्री ने सरकार की गिनाईं उपलब्धियां लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र व प्रशस्ति पत्र

## केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई योजनाएं धरातल पर उतारी गई-सुरेश कुमार खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण पर सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम के तहत गन्ना शोध परिषद में सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री उद्यमी युवा स्वरोजगार योजना के स्वीकृत पत्र, समाज कल्याण विभाग के छात्रवृत्ति के स्वीकृत पत्र, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी को प्रशस्ति पत्र एवं स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल स्वीकृत पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई योजनाएं धरातल पर उतारी गई है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में बिना ब्याज एवं बिना गारंटी के लोगों को ऋण एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं की उपलब्धियां गिनाई। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सख्त पहरे में हुई जीआईसी प्रवक्ता परीक्षा, 2271 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, सीसीटीवी निगरानी में संपन्न हुई परीक्षा

लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से आयोजित जीआईसी प्रवक्ता (पुरुष/महिला) परीक्षा-2025 रविवार को जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों और सघन निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 6257 अभ्यर्थियों में से 2271 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 3986 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई, वहीं सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रहे। डीएम ने स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सहित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की सतर्कता और अधिकारियों की निरंतर निगरानी के चलते परीक्षा सकुशल, नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने इसे टीमवर्क और बेहतर समन्वय का परिणाम बताया।

## डीआईजी ने अमेठी में आयोजित समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दिया

अमेठी । पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में समीक्षा गोष्ठी का आयोजन कर आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये एवं आगामी त्योहार मोहर्रम, उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण एवं पायलट प्रोजेक्ट नौ वर्टिकल'' के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी आयोजित हुई।नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या श्री सोमेन वर्मा को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में आगामी त्योहार मोहर्रम, उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण एवं पायलट प्रोजेक्ट नौ वर्टिकल के तहत चयनित थानों के पुलिस कर्मियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी।समीक्षा गोष्ठी में पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पायलट प्रोजेक्ट ''नौ वर्टिकल'' के अंतर्गत चयनित थानों के चयनित अधिकारी कर्मचारीगण को अभिलेखों एवं रजिस्टरों के सुव्यवस्थित संधारण तथा डिजिटल व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन व आवश्यक रजिस्टरों एवं अभिलेखों को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार मैनुअल एवं डिजिटल माध्यम से अद्यतन रखने, डिजिटल प्रविष्टियों को त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से करने तथा विभिन्न वर्टिकल्स से संबंधित शासन एवं पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रभारीमंत्री ने ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम पर आधारित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में शनिवार को विकासखंड सिंधौली की ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान




नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने भटपुरा रसूलपुर के प्रधान अनिल गुप्ता द्वारा कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि इसी तरह प्रदेश के गांवों का विकास हो। नियत साफ हो तो कांटों में भी फूल खिलते हैं। कहा कि 12 साल पहले और 12 साल के बाद के विकास कार्यों में एक साफ अंतर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री के 09 वर्षों के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में विकास धरातल पर जन जन तक पहुंचा है। सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है। प्रदेश में भ्रष्टाचार एवं गुंडागर्दी को समाप्त किया है। एक्सप्रेस-वे, मेट्रो एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गो से जोड़ने का कार्य किया है। 09 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी एवं 03 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सरकार की उपलब्धियां गिनाई तथा ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी लिए। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्यारोपी पति व ससुर गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना खुदागंज पुलिस टीम ने दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

13 मई को जनपद पीलीभीत के थाना घुघचाई क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी अनुज सिंह ने थाना खुदागंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने हैसियत के अनुसार अपनी बहन की शादी इसी थाना क्षेत्र के गांव कंधरापुर नवदिया निवासी छत्रपाल सिंह के पुत्र रंजीत सिंह से की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगे और उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों से उसकी बहन को जहरीला पदार्थ दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति रंजीत सिंह, ससुर



छत्रपाल सिंह और सास राजवती के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रंजीत सिंह और उसके पिता छत्रपाल सिंह को उनके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के साथ उपनिरीक्षक घनश्याम बहादुर, कांस्टेबल राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# जनसेवा के 12 वर्ष पर ब्लॉकों में दिखा विकास का असर 15 जगहों पर एक साथ जनकल्याण शिविरों की गूंज

## लखीमपुर खीरी में जनकल्याण शिविरों का विराट आयोजन, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में लाभार्थियों को मिला योजनाओं का सीधा लाभ

## गांव-गांव तक पहुंची योजनाएं, विकास खंड बने जनसेवा केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को जिलेभर में विकास खंड स्तर पर जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का भव्य आयोजन किया गया। जिले के सभी 15 विकास खंड मुख्यालयों पर आयोजित इन तीन दिवसीय शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

विकास खंड सदर परिसर में आयोजित मेले का उद्घाटन विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, आवास, महिला कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाया।




नकहा ब्लॉक में एमएलसी अनूप गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्त ने ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ मेले का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलके साथ ही स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण, टीबी स्क्रीनिंग, बीपी-शुगर जांच एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जबकि निघासन में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र 'टेनी' तथा धौरहरा में विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। सभी स्थानों पर विभागीय स्टॉलों पर लाभार्थियों की भीड़ देखी गई।

इसी क्रम में फूलबेहड़ में विधायक मंजू त्यागी, मोहम्मदी में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, बांकेगंज में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश अर्कवंशी, पसगवां में पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा, बेहजम में पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर एवं मितौली में विधायक सौरभ सिंह (सोनू) ने शिविरों का शुभारंभ कर योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को अधिकाधिक पात्रों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण एवं सत्यापन किया गया। कई स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाए गए, जिनमें लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

जिलेभर में एक साथ 15 विकास खंडों में आयोजित इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीण स्तर पर जनसुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाना रहा।

# एडीएम प्रशासन ने मेला संचालन की दी अनुमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। गांधी ग्राउंड में कुछ दिन पहले मेला लगना शुरू हुआ था। अग्निशमन विभाग की ओर से मेला को एनओसी नहीं दी गई थी, जिसकी वजह से पुलिस-प्रशासन ने बीच में ही मेला रुकवा दिया था। शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट की टीम ने मेले का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट एडीएम प्रशासन को सौंपी। दुकानदारों को मानक पूरा करने के निर्देश देते हुए मेला संचालन की अनुमति दे दी गई। शहर के बीचों-बीच स्थित गांधी ग्राउंड में हर साल की तरह इस बार भी मेला लगाया गया है। पिछली बार मेला में आग लग गई थी, जिसमें कई दुकानें जलकर राख हो गईं थीं। गांधी ग्राउंड में खड़ी अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी आग पर काबू नहीं पा सकी थी। वहीं, इस बार मेला लगाने का नंबर आया, तो सभी संबंधित विभागों ने एनओसी जारी कर दी, जिसके बाद में मेला लगना शुरू हो गया। इस बीच अग्निशमन विभाग की ओर से मेला संचालन को लेकर एनओसी जारी नहीं की गई। जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन ने मेला का संचालन बंद करा दिया। प्रशासन ने दुकानदारों को आग से बचाव में उपयोग होने वाले उपकरण लेने की बात की। इसके बाद एडीएम प्रशासन अरुण कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। जांच रिपोर्ट के आधार पर एडीएम प्रशासन ने मेला संचालन करने की अनुमति दे दी।

## इंस्पेक्टर की मनमानी, भट्ठा चालवने से लेकर आपराधिक गतिविधियों में माहिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने जब से जिले की कमान संभाली है, तब से अब तक अपराधी हो या फिर लापरवाह पुलिसकर्मी हो उन पर कठोर कार्रवाई की है। वहीं जिले का एक ऐसा इंस्पेक्टर अपनी मनमानी करने को लेकर विभाग में चर्चाओं में है, आपको बता दें कि सर्किल का एक इंस्पेक्टर की कार्यशैली को लेकर विभाग को एक बड़ा नुकसान हो सकता है,वहीं आपको बता दे कि पूर्व में जिस भी थाने में रहा यह इंस्पेक्टर अपनी मनमानी सुस्त पुलिसिंग, जुआ, सट्टा, अवैध शराब, आपराधिक गतिविधियों रोकने नाकाम रहा, सूत्र यह भी बता रहे हैं कि इसका सहसवान रोड पर भट्ठा भी चलता है, और बिसौली में भी इसका भट्ठा चलता है, वहीं उनसे लाखों रुपया महीना इधर से उधर करता है, वही सूत्र यह भी बता रहे हैं कि एक बड़े नेता की चमचागिरी में भी यह दिन-रात लगा रहता है, वहीं इससे पहले एक इंस्पेक्टर टोपी उतार कर नेता के पैर छुए करते थे,लेकिन अब जिले से बाहर कर दिए गए है, वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि पूर्व थाने में रहा यह इंस्पेक्टर की कार्यशाली ठीक ना होने के कारण तत्कालीन एसएसपी ने इसको हटाकर दूसरे थाने भेजो, लेकिन इंस्पेक्टर की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में और विभाग में गंभीर चर्चाएं इसलिए है कि यह लोगों का चाहिता बना रहता है, और उच्च अधिकारियों को गलत रिपोर्ट देकर गुमराह करने की भी काम यह इंस्पेक्टर करता है,

वहीं उच्च अधिकारी भी कई बार इसको समझा चुके हैं लेकिन इसके व्यवहार और कार्यशाली नहीं बदली,वहीं .विश्वसनीय सूत्रों का यह भी कहना है कि कुछ दिन पूर्व इसने सट्टा किंग को अपने थाने से ही जमानत देकर छोड़ दिया, जिससे लाखों रुपए लिए गए है, वहीं क्षेत्र निवासी अशोक, कृष्ण लाल, अकमल, सुदेश, पिंटू, अनिल आदि एसएसपी अंकिता शर्मा से मांग कर रहे हैं कि भ्रष्टाचारी इंस्पेक्टर पर विभागीय जांच कर कठोर कार्यवाही की जाए।

## धौरहरा में शत चंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में उमड़ा आस्था का जनसैलाब झांकियों ने मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सीतापुर । विकास खंड क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रहे 15वें श्री शत चंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर आहुतियां डाली और अपनी अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की।महायज्ञ में यज्ञाचार्य राधा मोहन अवस्थी, वैदिक आचार्य पं. शिवराम शुक्ला, पं. सुरनायक, पं. श्याम कृष्ण शास्त्री और पं. चंद्रशेखर दीक्षित के सानिध्य में विश्व कल्याण की कामना के लिए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया जिसमें मुख्य यजमान उमेश दीक्षित और ऋषिराज दीक्षित ने सपत्नीक पूजन कर आहुतियां डालीं। इस मौके पर भगवताचार्य पंडित अखिलेश महाराज ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा का सुंदर वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। संत सम्मेलन में लखीमपुर खीरी से पधारीं कथाप्रवाचिका प्रतिज्ञा शर्मा ने श्री राम कथा का वर्णन करते हुए श्री राम-रावण प्रसंग का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने झांकियों के माध्यम से सीताराम, हनुमान जी और मां काली के स्वरूपों का जीवंत प्रदर्शन किया जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन किए।

इस अवसर पर सूर्य प्रसाद दीक्षित, रामकृष्ण दीक्षित, रमाकांत शुक्ल, शिवराम, तेजसंकर शुक्ल, कमलकिशोर दीक्षित, अंकित दीक्षित, गोविंद, सुधांशु, शोभित पांडेय, राम जी, श्याम जी और कृपा शंकर दीक्षित सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद थे ।



## बिना धूप और गर्मी की परवाह किए गोमती मित्रों ने किया श्रमदान, साफ हुआ सीताकुंड धाम

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप भी गोमती मित्रों के हौसलों को डिगा नहीं सकी। रविवार को गोमती मित्र मण्डल के सदस्यों ने अपने साप्ताहिक संकल्प को दोहराते हुए सीताकुण्ड धाम पर वृहद स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया। चिलचिलाती गर्मी से बचने और स्वच्छता को गति देने के लिए श्रमदान सुबह ठीक 06.00 बजे शुरू हो गया और 09.00 बजे तक सीताकुंड धाम के मुख्य तट, परिसर, श्राद्ध स्थल और सीता उपवन की सघन सफाई की। गोमती नदी के जल के भीतर से भी भारी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सामग्रियां बाहर निकाली गईं। श्रमदान के समापन के बाद शाम को होने वाली पारंपरिक आदि गंगा मां गोमती की महाआरती के लिए पूरे तट को सजाया और तैयार किया गया साथ ही उपस्थित लोगों से पूजा सामग्री और प्लास्टिक की वस्तुएं नदी में न फेंकने की अपील की। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन दाऊ, मुन्ना सोनी, आलोक तिवारी, मुन्ना पाठक, अभय मिश्रा, रामू सोनी, राकेश सिंह दद्दू, अर्जुन यादव उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आदि गंगा मां गोमती को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने का संकल्प लिया।

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा-2025 जनपद सम्भल में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न

सम्भल (बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा आज जनपद सम्भल के 06 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। जनपद के कुल 06 परीक्षा केन्द्रों पर 2,656 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 911 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रवार विवरण निम्नवत है— एम.जी.एम. कॉलेज, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 158 उपस्थित तथा 322 अनुपस्थित रहे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, चमन सराय, सम्भल में कुल 384 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 122 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 262 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहरलाल मेमोरियल कॉलेज, सिरसी में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 171 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 309 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हिन्द इंटर कॉलेज, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 160 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 320 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय, हयातनगर, सम्भल में कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 172 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 308 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जे.डी.यू. इंटर कॉलेज, सराय तरीन, सम्भल में कुल 352 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 128 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 224 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी गई तथा आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया।

## श्रीमदभागवत कथा आज से

मछरेहटा, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड के ग्राम वलीनगर में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 15 से 21 जून तक कथाव्यास मुकेश तिवारी,मृदुल महराज के श्री मुख से अमृतमयी कथा का रसपान भक्तो को कराएँगे इसके अलावा सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा सुंदर झांकी की प्रस्तुति की जायेगी।कार्यक्रम का आयोजन सोनू श्रीवास्तव व गंगा राम राठौर के द्वारा कराया जा रहा है।

## भारतीय किसान यूनियन करेगा आज नवादा चौकी का घेराव

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनैतिक भ्रष्टाचार के जिलाध्यक्ष केपी राठौर ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि अभद्रता और गलत कार्यशैली को लेकर नवादा चौकी इंचार्ज, का घेराव करके धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसमें भ्रष्ट पुलिसकर्मियों कार्यशाली को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे।

## गोमती नदी में नहाने आया युवक डूबा, तलाश में लगे गोताखोर

कुड़वार थाना क्षेत्र के खादर घाट का मामला

कुड़वार/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहन के घर आया युवक अपने साथियों के साथ गोमती नदी में नहाने गया। जहां गहरे पानी में जाने से युवक डूब गया।सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को ढूंढने में लगी है। रविवार को दोपहर में स्थानीय थाना क्षेत्र में बहन के घर मढ़हा आया युवक राहुल कोरी (20)पुत्र स्व भीरू कोरी निवासी उसका मऊ थाना हलियापुर अपने साथियों अर्जुन वर्मा,अभिनव यादव, समर प्रताप व अर्जुन कोरी के साथ गोमती नदी के खादर घाट पर गया था।नदी में नहाते समय राहुल गहरे पानी में चला गया।जहां वह डूबने लगा।नदी में डूबता देख साथियों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरो को बुलवाकर नदी में खोज कराई।लेकिन खबर लिखे जाने तक सफलता नहीं मिल सकी। नदी में डूबा युवक पांच भाइयों राजू, सुनील, सुशील, सुकई में सबसे छोटा है। इसकी अभी शादी नहीं हुई है। इसकी दो बड़ी विवाहित बहने केश कुमारी व सुनीता है। बड़ी बहन केशकुमारी के घर घूमने आया युवक दुर्घटना का शिकार हो गया।युवक अहमदाबाद में रहकर नौकरी करता है।नदी में डूबने की सूचना पर मां रेखा देवी सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि युवक को खोजने के लिए गोताखोरों को लगाया गया है। साथ ही एसडीआरएफ को सूचना दे दी गई है।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई प्रवक्ता भर्ती परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की जीआईसी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 12 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इसमें कुल 4601 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को सामान्य स्तर का बताया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की जीआईसी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा रविवार को बदायूं जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को सामान्य स्तर का बताया। अधिकांश परीक्षार्थियों का कहना था कि तैयारी के अनुरूप प्रश्न पूछे गए और पेपर हल करने में अधिक कठिनाई नहीं हुई। जिले में कुल 4601 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा एक पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक चली। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ नजर आई। कई अभ्यर्थी प्रश्नपत्र और संभावित उत्तरों पर चर्चा करते दिखाई दिए। अभ्यर्थियों ने बताया कि सामान्य अध्ययन और विषय संबंधी प्रश्न संतुलित रहे। कुछ प्रश्नों ने सोचने पर मजबूर किया, लेकिन कुल मिलाकर प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य रहा। अमरोहा के रामवीर ने कहा कि पेपर बहुत अच्छा रहा। अधिकांश प्रश्नपत्र सेलबस से आए। निगेटिव मार्किंग होने के कारण उन प्रश्नों को हल किया, जो आसानी से कर पा रहे थे। अमरोहा के होशियार सिंह और विनोद कुमार ने कहा कि प्रश्नपत्र सामान्य रहा।

### गंगा नदी में समाई कार, वीडियो वायरल

बदायूं। उझानी क्षेत्र में कछला घाट पर एक कार के गंगा नदी में उतरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घाट पर कार के पानी में जाने के दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में रस्सी बांध ट्रैक्टर से कार निकाली गई। वहीं घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, जिसको लेकर डीएम, एसएसपी और डीआईजी तक गंभीर है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना मिर्ज़ापुर पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है।

बीती 17 अप्रैल 2026 को एक व्यक्ति ने मिर्ज़ापुर पुलिस को तहरीर देकर इसी थाना क्षेत्र के गांव राजेरायपुर निवासी विपिन गुप्ता और उसके भाई सतीश गुप्ता के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त दोनों भाई उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की सकुशल किशोरी को बरामद किया। पुलिस ने किशोरी की मेडिकल रिपोर्ट, उसके बयान और साक्ष्यों के आधार पर दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट धाराओं में वृद्धि की। इसी क्रम में आज थाना मिर्ज़ापुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विपिन गुप्ता को अमृतपुर रोड स्थित सरैय्या मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विपिन गुप्ता को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मिर्ज़ापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला के साथ महिला उपनिरीक्षक अंजली रानी आदि मौजूद रहे।

# तमंचा-कारतूस के साथ जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना बण्डा पुलिस टीम ने देशी तमंचा, कारतूस के साथ एक जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

बीती रात थाना बण्डा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अभियुक्त को देशी तमंचा और कारतूस के साथ बिलसण्डा जाने वाले कच्चे मार्ग पर खखरा बुजुर्ग से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना बण्डा क्षेत्र के ग्राम ढका घनश्याम का रहने वाला रामदास पुत्र बनवारी लाल है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त पर बण्डा थानें में करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त रामदास को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना बण्डा के उपनिरीक्षक राहुल कुमार के साथ हेड कांस्टेबल वेदप्रकाश और कांस्टेबल निखिल कुमार मौजूद रहे।

## चकमार्ग पटाई को लेकर विवाद गहराया, किसान ने लगाया जमीन कब्जाने का आरोप, लेखपाल ने नापजोख को बताया सही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महमूदाबाद, सीतापुर। तहसील महमूदाबाद के विकास खंड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत कंडारी के मजरा आजमपुर (सरकौना) में चकमार्ग की पटाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सीतापुर, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद सहित मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि पर गलत तरीके से चकमार्ग निकालकर जेसीबी मशीन से पटाई कराई जा रही है। पीड़ित राजेंद्र प्रसाद के अनुसार, गाटा संख्या 89 में संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते चकमार्ग निर्माण का कार्य शुरू कराया गया। उनका कहना है कि गांव के ही बाबू राम, अशर्फी लाल और मकरंद पुत्रगण राम दयाल की भूमि से चकमार्ग नहीं निकाला गया, जबकि केवल उनकी जमीन को चिह्नित कर वहां जेसीबी मशीन से पटाई कराई जा रही है। राजेंद्र प्रसाद का आरोप है कि उन्होंने मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देकर पहले ही दे दी थी, इसके बावजूद कार्य नहीं रोका गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पटाई के दौरान तेजपाल यादव और बलराम यादव द्वारा उनके खेत में लगा आम का पेड़ जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया। साथ ही खेत में बनी उनके माता-पिता की समाधि को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे परिवार की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

पीड़ित का कहना है कि वह कई दिनों से न्याय की मांग को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और अपनी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

विपक्षी पक्ष ने आरोपों को बताया निराधार वहीं, इस मामले में नामजद किए गए बाबू राम, अशर्फी लाल और मकरंद का कहना है कि चकमार्ग का कार्य राजस्व विभाग की देखरेख में कराया जा रहा है और इसमें उनकी कोई व्यक्तिगत भूमिका नहीं है। उनका कहना है कि प्रशासन द्वारा जो भी सीमांकन और कार्यवाही की जा रही है, वह सरकारी अभिलेखों के आधार पर की जा रही है। उन्होंने पीड़ित द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यदि किसी को आपत्ति है तो वह सक्षम अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है। लेखपाल ने नापजोख को बताया नियमानुसार मामले में जब क्षेत्रीय लेखपाल राजकुमार दिनकर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित भूमि की नापजोख नियमानुसार की गई है। उनके अनुसार, राजेंद्र प्रसाद के खेत का जितना वास्तविक रकबा है, उसे सुरक्षित रखते हुए ही चकमार्ग की पटाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति के आधार पर ही कार्रवाई की गई है तथा किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरती गई है। हालांकि, पीड़ित लेखपाल के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि नापजोख में गंभीर त्रुटियां की गई हैं और उच्च अधिकारियों द्वारा पुनः जांच कराए जाने पर सच्चाई सामने आ जाएगी।

उच्च स्तरीय जांच की मांग- इस पूरे मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। एक ओर पीड़ित अपनी भूमि पर जबरन चकमार्ग निकाले जाने और नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा रहे हैं, तो दूसरी ओर विपक्षी पक्ष और राजस्व विभाग की ओर से कार्रवाई को नियमों के अनुरूप बताया जा रहा है। अब यह मामला प्रशासनिक जांच का विषय बन गया है। ऐसे में यह आवश्यक है कि उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच कराएं, राजस्व अभिलेखों का सत्यापन करें और सभी पक्षों को सुनने के बाद उचित निर्णय लें, ताकि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो और ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त विवाद का समाधान हो सके।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। कर्नलगंज पुलिस और एसओजी टीम ने संयु क्त कार्रवाई करते हुए तीन अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है।देर रात वाहन चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया।जिसके जवाब में हुई मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोना-चांदी के जेवर, नकदी, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है।

जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कर्नलगंज थाना पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता मिली है।संयुक्त टीम ने देर रात चेकिंग के दौरान तीन शातिर अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट की एक मोटर साइकिल पर सवार कुछ युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा किए जाने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई।जबकि उसके दो साथी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिए गए।भारी मात्रा में सोना चांदी नगदी बरामद गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी के दौरान चोरी के आभूषण और अन्य सामान बरामद हुआ।पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 11 ग्राम सोना,एक किलो 100 ग्राम चांदी, एक मोबाइल फोन तथा 93 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।इसके अलावा घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। बरामदगी में एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस भी शामिल है।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों से पूछ ताछ की जा रही हो सकता कई चोरी का खुलासा पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए आरोपी विभिन्न जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।पूरे मामले की जान कारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधे श्याम राय ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।बरामद सामान के संबंध में भी जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी से कई चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सकता है।फिलहाल तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फरार अभियुक्तों की अब खैर नहीं,पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, 48 घंटे में 69 अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस ने अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो दिवसीय विशेष अभियान में 69 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष टीमें गठित कर दबिश दी गई।पुलिस की इस कार्रवाई से फरार अभियुक्तों में हड़कंप मच गया है।जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोंडा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में वांछित एवं गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 69 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।विशेष पुलिस टीमों का गठन कर की गई कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ने अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया था कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लंबित गैर-जमानती वारंटों का निस्तारण कर वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।इसके बाद जिलेभर में विशेष पुलिस टीमों का गठन कर लगातार दबिश अभियान चलाया गया।यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया गया। पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जनपद में थाना-वार कार्रवाई की बात करें तो कोतवाली नगर पुलिस ने सर्वाधिक 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया।इसके अलावा इटियाथोक पुलिस ने 9, तरबगंज और कटरा बाजार पुलिस ने 7-7, नवाबगंज पुलिस ने 6 तथा कोतवाली देहात पुलिस ने 5 वारंटियों को गिरफ्तार किया। वहीं खरगूपुर पुलिस ने 4, परसपुर पुलिस ने 3 तथा मोतीगंज, धानेपुर,छपिया, खोड़ारे, वजीरगंज, कर्नलगंज और कौड़िया पुलिस ने 2-2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उमरीबेगमगंज पुलिस ने 1 वारंटी को गिरफ्तार किया।जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध नियंत्रण और न्यायालयों में लंबित मामलों के प्रभावी निस्तारण के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

पुलिस की इस कार्रवाई से फरार चल रहे अभियुक्तों में हड़कंप है।जबकि आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून से बचने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# गलतफहमी हुई दूर, तो फिर थामा एक – दूजे का हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । महिला थाना परिसर में स्थित परिवार परा मर्श केंद्र में रविवार को आपसी मतभेद भुलाकर एक दंपत्ति एक बार फिर से एक हो गए। केंद्र के सदस्यों द्वारा की गई सूझबूझ भरी काउंसलिंग के बाद एक जोड़ों को अपनी गलतियों का एहसास हुआ,जिसके बाद उन्होंने भविष्य में कभी विवाद न करने और जीवनभर साथ रहने का संकल्प लि या है इस खुशी के मौके पर केंद्र के सदस्यों ने दंप ति को थाने से विदा किया। रविवार को आयोजित परामर्श सत्र में महिला थाना प्रभारी अनीता यादव, शशि कुमार भारती,राजमंगल मौर्य, यशोदा नन्दन त्रिपाठी,उप निरीक्षक तसरीफ अहमद,महिला आर क्षी शाहिना बानो की टीम ने आए हुए मामलों की गहन सुनवाई की। टीम ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बिठाकर बेहद धैर्यपूर्वक उनकी बातें सुनीं और उनकी अलग-अलग काउंसलिंग की। दोनों पति पत्नी के बीच का मनमुटाव खत्म हुआ,काउं सलिंग के बाद पति पत्नी के चेहरे खिल उठे और खुशी-खुशी अपने घर के लिए रवाना हुए।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ सपा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । बढ़ती महंगाई,पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में रविवार को सपा कार्यकर्ताओं ने गौरा विधानसभा क्षेत्र में प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा नि कालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और महंगाई पर नियंत्रण की मांग उठाई। सपा नेता हफीज मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पीडीए कार्यालय गौरा चौकी से पदयात्रा करते हुए बभनजोत ब्लॉक तक पहुंचे।इस दौरान कार्यकर्ता ओं ने हाथों में तख्तियां लेकर तथा गैस सिलेंडर सिर पर रखकर बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध जताया।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभा वित हो रहा है,पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने से घरेलू बजट बिगड़ गया है और किसानों,मजदूरों, व्यापारियों तथा मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश को सौंपा ज्ञापन

इस अवसर पर हफीज मलिक ने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है,लेकिन सरकार राहत देने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर अंकुश लगाने,पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दाम कम करने तथा आम जनता को राहत प्रदान करने की मांग की।सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो पार्टी आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। इस दौरान अनिल गुप्ता,सुनील शर्मा, शशांक यादव, विजय यादव,राहुल यादव,अखिलेश यादव,मुलायम यादव,गुफरान, किशन पासवान सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवा चेतना कार्यशाला का हुवा आयोजन, अच्छी पुस्तकों का अध्ययन कर युवा नई ऊर्ज़ा प्राप्त कर सकते है : जय प्रकाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में शहर के कपूरथला स्थित आडीटोरियम में युवा चेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं के योगदान पर मंथन किया गया।गायत्री परिवार के प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का बड़ा योगदान है। युवाओं को सामाज में फैली तमाम प्रकार की कुरीतियों से दूर रहकर देश,समाज व परिवार के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन कर युवा नई ऊर्ज़ा प्राप्त कर सकते हैं।पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान जलाया जा रहा है। नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को बुराइयों से दूर रखना है।बनारस जोन के समन्वयक मानसिंह वर्मा ने कहा कि साधना,स्वाध्याय, संयम व सेवा की धारणा अपनाकर हमें निरंतर राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार की ओर से निरंतर समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसमें हम सभी को अग्रणी भूमिका अदा करना है।कार्यशाला में आरएसएस के जिला कार्यवाह भूपेंद्र ,भगतराम मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, गायत्री परिवार के जिला संयोजक एसपी त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, रमेश त्रिपाठी, सत्यम सिंह, सत्यनारायण सिंह, लाडली प्रसाद वर्मा, राम सुंदर पांडेय,सियाराम जायसवाल,सतीश पांडेय,विष्णु पाठक समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मंत्री के द्वारा लगाए गए पौधे सूखने पर,डीएफओ को लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल द्वारा लगाए गए पौधे सूखने पर उग्र हुए तेवर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।मंत्री ने डीएफओ अनुराग प्रियदर्शी को फटकार लगाते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिला फ कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी है।उन्होंने इस घटना को 'पेड़ की हत्या' बताया।यह मामला 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम से जुड़ा है, मंत्री आशीष पटेल ने तिरेंमनोरमा पारासराय में पौधे लगाए थे और वन विभाग को उन्हें जीवित रखने के निर्देश दिए थे।हालांकि, उनके रोपित पौधे सूख गए।

राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय ने मौके पर सूख चुके पौधों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसमें कार्रवाई की मांग की गई थी। वीडियो मंत्री आशीष पटेल तक पहुंचने के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पौधों को फिर से जीवित करने का प्रयास शुरू किया।रविवार को गोंडा पहुंचे मंत्री आशीष पटेल ने इस पूरी घटना पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल पौधों को जीवित करने से काम नहीं चलेगा।मंत्री ने डीएफओ अनुराग प्रियदर्शी को फटकार लगाते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करने और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।मंत्री पटेल ने कहा, हमने जिस दिन पेड़ लगाया था, हमने कहा था कि पेड़ लगाना केवल हमारा मकसद नहीं, बल्कि उसे जीवित रखना भी हमारा उद्देश्य है। लेकिन एक तरीके से हमारे द्वारा लगाए गए पेड़ की हत्या हुई है।उन्होंने आगे कहा कि पेड़ की 'हत्या' में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंत्री ने इस मुद्दे को उठाने वाले राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय को धन्यवाद दिया।शिवम पांडेय ने कहा कि मंत्री ने उनके उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया है और यह स्वीकार किया है कि वास्तव में पेड़ सूख गए थे और उनकी 'हत्या' हुई है।उन्होंने उम्मीद जताई कि अब दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

# विशाल भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा,बहराइच। नगर के शिवपुर रोड स्थित, आधुनिक पैथोलॉजी के सामने सिपाही लाल किराना स्टोर के निकट नवयुवक बालाजी संघ द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजन की सराहना की। आयोजकों के अनुसार भंडारे का आयोजन धार्मिक एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यक्रम में अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, गगन श्रीवास्तव, विमलेश मिश्रा, अमरेन्द्र वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, विनोद जायसवाल, राहुल कश्यप, राघवेन्द्र कश्यप, हरिशंकर, विजय चौरसिया, त्रिलोकचन्द्र टेकड़ीवाल, कृष्णा जायसवाल, अनन्या जायसवाल, सक्षम यज्ञसैनी, सिपाही लाल, अनुष्का, प्रतीक, देवांश, मान्या, नैना, शिवांश, अंकित जायसवाल, चाहत जायसवाल, शिवा, उत्कर्ष, अस्तित्व गुप्ता सहित अन्य लोगों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# बहराइच में 15 जून से शुरू होगी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन बौद्ध –पथ कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में जनपद बहराइच में साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन बौद्ध-पथ कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी बहराइच की अध्यक्षता में 15 जून को पूर्वाह्न 11 बजे मांटेसरी इंटर कॉलेज, मेवातीपुरा स्थित सभागार में होगा। कार्यशाला के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशा उन्मूलन एवं परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। यह साप्ताहिक कार्यशाला जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित होगी। आयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट (अध्यक्ष, महामना मालवीय मिशन-अवध) ने बताया कि कार्यक्रम जिला अधिकारी बहराइच की अध्यक्षता तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों, अधिवक्ताओं, पर्यावरणविदों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं धर्म प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बौद्ध जीवन दर्शन एवं उसके सामाजिक संदेशों के बारे में जानकारी देने के लिए बौद्ध धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मांटेसरी इंटर कॉलेज स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ विचारक अर्जुन कुमार दिलीप जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति अध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल, प्रबंधक आर.पी.एन. श्रीवास्तव, युवा समाजसेवी आयुष जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गुप्ता, विनय मित्तल, दिलीप जायसवाल, साहित्यकार गुलाब जायसवाल, प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव, पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव, समाजसेवी मनीष रस्तोगी, इंटर व्हील क्लब की जनरल सेक्रेटरी ज्योति बंसल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मरौरी में दिखी आत्मनिर्भर भारत की झलक, मंत्री संजय सिंह गंगवार ने सराहा महिलाओं का हुनर

## 12 वर्ष की उपलब्धियों पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत । केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड मरौरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सहभागिता कर सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, खंड विकास अधिकारी लियाकत अली, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए उत्पाद स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे मंत्री संजय सिंह गंगवार ने स्टॉलों का निरीक्षण कर महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की और उनके स्वरोजगार के प्रयासों को आत्मनिर्भर भारत अभियान की मजबूत कड़ी बताया विशेष रूप से ग्राम पंचायत चंदोई की मधु मौर्य द्वारा फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण के बाद तैयार किए जा रहे आधुनिक एवं आकर्षक परिधानों ने सभी का ध्यान खींचा मंत्री ने उनके हुनर, रचनात्मक सोच और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण बताया इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, विकसित भारत के संकल्प तथा केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई वक्ताओं ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और जनसेवा, सुशासन तथा समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूती से प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है।

# पच्चीस हजार का इनामी लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जायस पुलिस व स्वाट टीम ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत पुलिस मुठभेड़ में लूट के अभियोग में वांछित पच्चीस हजार रुपये का इनामियां लुटेरे को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से लूट की एक पायजेब, एक मांग टीका, आठ सौ रुपये नगद व एक तमंचा, एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र सिंह मय हमराह व स्वाट टीम प्रभारी अनूप सिंह मय हमराह द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रानी हरवंशगंज मजरे मवई आलमपुर में घर में घुसकर महिला के साथ जो लूट की घटना हुई थी उससे संबन्धित युवक गंगाराम पुरवा मोड़ की तरफ से नसीराबाद की तरफ जाने वाला है।उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गंगाराम पुरवा मोड़ पर चेकिंग की जाने लगी कि तभी ग्राम मवई आलमपुर की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर उक्त व्यक्ति घायल होकर गिर गया।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में उसने अपना नाम इमरान पुत्र मोहम्मद मोजीब निवासी ग्राम रानीगंज मजरे मवई आलमपुर थाना जायस बताया जिसके कब्जे से एक पायजेब, एक मांग टीका, आठ सौ रुपये नगद, एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में उसने बताया कि बीती दो जून की शाम को उसने अपने अन्य दो साथियों दुर्गेश व अरमान के साथ मिलकर अपने पड़ोसी आकाश पुत्र धर्मवीर निवासी रानी हरवंशगंज मजरे मवई आलमपुर थाना जायस के घर योजनाबद्ध तरीके से लूट की थी। उसने बताया कि बरामद रुपये व आभूषण उसी लूट के हैं घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस टीम के साथ अस्पताल भेजा गया है।

# पूरनपुर में जनकल्याण का महाकुंभ स्वास्थ्य मेले में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को पूरनपुर विकास खंड सभागार में भव्य स्वास्थ्य मेला एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर किया मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ उठाया स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृत्व स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, टीबी उन्मूलन, पोषण, परिवार कल्याण तथा आयुष्मान कार्ड से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं इसके अलावा कृषि विभाग, फसल बीमा योजना, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, यूपी नेडा एवं पशुपालन विभाग के स्टाल भी आकर्षण का केंद्र रहे विधायक बाबूराम पासवान ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और उपस्थित लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं से अवगत कराया इस दौरान पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह, मानस शुक्ला, सभासद सूरज बाथम, प्रदीप सिंह मुखिया, रितेश गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर सूरज पांडे, डॉ दिव्या जर्ज, आशीष यादव, ठाकुरदास, सुशांत हलदार, विश्व वीर सिंह,शोभा, विवेकानंद सिकदर, हरीश माथुर, कृष्णकांत, कामिनी चौधरी, रामबहादुर ,सीमा देवी, डिंपल सिंह ,अर्चना चौहान सहित कई पार्टी पदाधिकारी, प्रधानगण एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं है।


**12 वर्ष विश्वास, लाभार्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र, योजनाओं की दी गई जानकारी**

# विश्व रक्तदान दिवस पर समाजसेवियों का मेडिकल कॉलेज में लगा मेला, जमकर किया रक्तदान

**हर प्रकार के दान से बड़ा रक्तदान होता है, क्योंकि आपका रक्त किसी को जीवन देता है–डां.संजय सिंह**

**मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए युवाओं को आगे आना चाहिए–डां.अविनाश चंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज में में भव्य समारोह आयोजित किया गया, समारोह में जनपद की समाजसेवी संस्थाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिले के सुप्रसिद्ध सर्जन डां.एके सिंह, डॉ.आरके यादव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला हास्पिटल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी, मेडिकल आफिसर ब्लडबैंक डॉ. रविंद्र यादव, समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले करतार केशव, सभासद दिनेश चौरसिया, प्रतिनिधि विधायक सीताराम वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, डां.डीएस मिश्रा, पूर्व में रहे मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसके गोयल सहित गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी रही। विश्व रक्तदान दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना तथा असहाय व निराश्रित मरीजों को अपना रक्त देकर उनका जीवन बचाने के पुण्य कार्य से जुड़े यह सबसे बड़ी समाज की सेवा है, रक्तदान दिवस की शुरुआत प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अविनाश चंद्र गुप्ता, प्रभारी ब्लडबैंक डॉ.संजय सिंह, ने स्वयं रक्तदान करके युवाओं को संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा ने हर स्वस्थ व्यक्ति का आवाह्न करते हुए कहाकि आपके रक्त की एक-एक बूंद किसी अंजान व्यक्ति के लिए जीवन दायिनी से कम नही, वही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश चंद्र गुप्ता ने अपील करते हुए कहाकि मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए युवाओं को आगे आना चाहिए, प्रभारी ब्लडबैंक डॉ.संजय सिंह ने कहाकि सभी प्रकार के दान से बड़ा रक्तदान होता है, क्योंकि आपका रक्त किसी को जीवन देता है। रक्तदान दिवस के मौके पर अम्बेदल, गोमती मित्र मण्डल, गायत्री परिवार, लायन्स क्लब परिजात, शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोशिएशन, रेडक्रास सोसाइटी, युवा एंटी करप्शन आर्गनाइजेशन, एवं कुछ स्वक्षिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया, अंत में प्रधानाचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा ने संस्थाओं के प्रतिनिधियों, रक्तदाताओं, गणमान्य व आए हुए सभी आगन्तुक का आभार ब्यक्त किया।

# कई चोरियों का एसपी ने किया खुलासा, जिले के कुड़वार,कोतवाली नगर,जयसिंहपुर व प्रतापगढ़ के कोतवाली व अंतू थाने का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। बीते कई महीनों में हुई चोरियों का एसपी चारु निगम ने पुलिस लाइन सभागार में खुलासा किया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए चारों चोर पहले रेकी करते थे फिर घटना को अंजाम देते थे। और इतने शातिर है कि चोरी करने जाते समय अपना मोबाइल लेकर नहीं जाते थे। साथ ही उस घर को निशाना बनाते थे जहां की सीसीटीवी फुटेज न हो और कोई घर में मौजूद न हो। बीते दिनों 27 मई को कुड़वार थाना क्षेत्र झंगा का पुरवा ने ऐसे ही घर को निशाना बनाया जिस घर में मौके पर कोई मौजूद नहीं था। उसके बाद चोरों ने कुड़वार थाना क्षेत्र के ही बहलोलपुर गांव निवासी रमा कीर्तन तिवारी के घर में चोरी की जब वे गांव में रामायण पाठ में शामिल होने गए थे। एसपी ने चोरियों के खुलासे के लिए कुड़वार प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव व एसओजी प्रभारी शिवानंद यादव की संयुक्त टीम बनाकर खुलासे की जिम्मेदारी सौपी। खुलासे में लगी टीमों को जानकारी हुई कि प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली क्षेत्र में भी एक चोरी हुई है जिसमें घटना के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए है। जिले की पुलिस टीम ने फुटेज के आधार पर शिनाख्त शुरू की तो चोरी में शामिल चोर नगर कोतवाली क्षेत्र के पाए गए। रविवार को पुलिस टीम ने शातिर चार चोरों को फिरोजपुर कला मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर करीब 95 ग्राम सोने के जेवरात कीमत लगभग 15 लाख,650 ग्राम चांदी के जेवरात कीमत लगभग डेढ़ लाख व 02 लाख 40 हजार रुपए नगद बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिस्ट्रीसीटर जावेद अहमद पुत्र मुश्ताक निवासी घरहा कला कोतवाली नगर, हिस्ट्री सीटर अजीम कुरैशी पुत्र मोइन कुरैशी निवासी लाला का पुरवा कोतवाली नगर, हिस्ट्री सीटर मो आदिल पुत्र मो इबरार व अजय कुमार पुत्र घासूराम निवासी डिहवा कोतवाली नगर सुल्तानपुर के रूप में हुई।गिरफ्तार आरोपी जावेद के खिलाफ 34 मुकदमे, अजीम के खिलाफ 23 मुकदमे, आदिल के खिलाफ 27 मुकदमे व अजय के खिलाफ 06 मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा कुड़वार थाना क्षेत्र सहित नगर कोतवाली क्षेत्र के डाकखाना चौराहे से डॉ संजय मिश्रा के घर, जयसिंहपुर में 12,13 मई की रात महली गांव में तीन घरों सहित प्रतापगढ़ कोतवाली के पूरे ईश्वरनाथ गांव व अंतू थाना क्षेत्र के डंगरी दूबेपुर गांव से चोरिया की थी। एसपी ने बताया कि इनके चोरी किए माल को गलाने में सहयोग करने वाले जौहरी मनीष जायसवाल निवासी पंजाबी कालोनी कोतवाली नगर की तलाश जारी है। खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार का नकद इनाम घोषित किया है।

## पूरनपुर में स्वास्थ्य मेले का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ, तीन दिवसीय शिविर में मिलेगी मुफ्त जांच व स्वास्थ्य सेवाएं

पूरनपुर।केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान एवं ब्लॉक प्रमुख अपूर्व मानसी सिंह द्वारा किया गया इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर 14 से 16 जून तक आयोजित होने वाले इस मेले में मातृत्व स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, टीबी जांच, पोर्टेबल एक्स-रे, पोषण, परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व कर्मचारियों ने मेले में पहुंचे लाभार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## कैंची धाम मंदिर स्थापना दिवस पर आज होगा विशाल भंडारे का आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रोड स्थित हेल्थ केयर पैथोलॉजी पर आज कैंची धाम मंदिर का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है ।आयोजककर्ता गुड्डू सिंह एवं शेखर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह से ही विशाल भंडारे का शुभारंभ होगा जो देर शाम तक चलेगा। गुड्डू सिंह ने बताया कि कैंची धाम मंदिर की स्थापना का यह दिवस हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। बाबा नीम करौली महाराज की कृपा से हर साल यह आयोजन और भव्य होता जा रहा है। क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। शेखर सिंह ने कहा कि भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने आने वाले सभी भक्तों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। सेवादार पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से भक्तों की सेवा करेंगे। आयोजकों ने नगर के सभी धर्मप्रेमी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## अग्रवाल सभा चुनाव में नामांकन का बिगुल, अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अग्रवाल सभा पीलीभीत के आगामी चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई चुनाव अधिकारी श्री संजय अग्रवाल (अधिवक्ता) की देखरेख में विभिन्न पदों के लिए दावेदारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए नामांकन के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं और समाज के बीच चुनाव को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है अध्यक्ष पद के लिए अतुल कुमार अग्रवाल पीपल वाले, विनय कुमार गर्ग उपाधि महाविद्यालय और राजीव कुमार अग्रवाल टीटी ने नामांकन किया है, जिससे इस पद पर त्रिकोणीय मुकाबले के संकेत मिल रहे हैं वहीं उपाध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष, लीगल एडवाइजर और ऑडिटर पदों के लिए भी कई प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की चुनाव अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और संगठन की मर्यादाओं के अनुरूप सम्पन्न कराई गई सभी नामांकन निर्धारित समय के भीतर प्राप्त किए गए और आवश्यक औपचारिकताओं का पालन किया गया नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अब प्रत्याशियों ने समाज के लोगों से संपर्क बढ़ाना शुरू कर दिया है आगामी दिनों में नामांकन पत्रों की जांच और चुनाव कार्यक्रम की अन्य प्रक्रियाएं निर्धारित समयानुसार सम्पन्न होंगी अग्रवाल सभा के इस चुनाव को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत,पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरहना में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्मिला पुत्री श्रीकृष्ण निवासी ग्राम पसिगनपुर थाना सिंधौली, जनपद शाहजहांपुर की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व ग्राम सिकरहना निवासी छोटेलाल पुत्र लालाराम के साथ हुई थी बताया जा रहा है कि 13 जून को उर्मिला ने अपनी ससुराल में किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था घटना के समय उसका पति घर पर मौजूद नहीं था हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई मृतका के मौसेरे भाई महेश कुमार निवासी जनपद लखीमपुर खीरी ने पुलिस को तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है तथा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

# अमेठी में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । केंद्र सरकार के सफल एवं जनसेवा के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी में ह्लसेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मानङ्क थीम के अंतर्गत तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन चौदह जून से सोलह जून तक जनपद के सभी विकास खंडों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिल सके। जनकल्याण शिविरों में कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा, पशुपालन, उद्योग, श्रम, बैंकिंग तथा अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। इन स्टॉलों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा पात्र व्यक्तियों के आवेदन एवं समस्याओं का निस्तारण भी किया। शिविरों में उपस्थित लाभार्थियों एवं नागरिकों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित स्वास्थ्य मेलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ-साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले के दौरान आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, पोषण जागरूकता, संचारी रोग नियंत्रण तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के प्रति जागरूक किया। जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, लाभार्थी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, किसान, युवा एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ज्ञातव्य है कि चौदह से सोलह जून तक आयोजित होने वाले इन शिविरों का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। जनपद के सभी विकास खंडों एवं सीएचसी पर कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# राधारानी रसोईघर का भव्य शुभारंभ: पूरनपुर वासियों को मिलेगा घर जैसा शुद्ध भोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर के श्री राधा माधव मंदिर सीतापुर आंख अस्पताल के पास आज एक सराहनीय पहल की शुरुआत हुई है। दिनेश गुप्ता जी और मदन लाल गुप्ता जी के द्वारा 'राधा रानी रसोई घर' का आज माननीय विधायक श्री बाबूराम पासवान जी के साथ फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया।इस रसोईघर का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहद कम दाम में घर जैसा शुद्ध, सात्विक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना है।इस गौरवपूर्ण अवसर पर व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंस राज गुलाटी, अशोक खंडेलवाल, डॉ दिनेश गुप्ता, विजय पाल विक्की,हर्ष गुप्ता,मनोज गुप्ता सोना सहित अन्य नगर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे.सभी ने इस सेवा भाव की सराहना की और इसे नगर के लिए एक उत्तम प्रयास बताया।

## सम्पादकीय

# प्रवेशकों की कमी: सरकारी स्कूलों के लिए खतरे का संकेत

भारत की शिक्षा व्यवस्था में सरकारी स्कूलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। स्वतंत्रता के बाद से सरकारी विद्यालयों ने करोड़ों बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान किया है। ग्रामीण क्षेत्रों, गरीब परिवारों, अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों तथा समाज के वंचित वर्गों के लिए सरकारी स्कूल केवल शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और समान अवसर का माध्यम रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। यह स्थिति शिक्षा जगत और नीति-निर्माताओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। सरकारी विद्यालयों में घटते प्रवेश केवल आंकड़ों का मामला नहीं हैं, बल्कि यह सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के सामने खड़ी एक बड़ी चुनौती का संकेत हैं। यदि इस प्रवृत्ति को समय रहते नहीं रोका गया, तो इसका प्रभाव शिक्षा की समानता, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय विकास पर भी पड़ सकता है। सरकारी स्कूल भारत की शिक्षा प्रणाली की रीढ़ हैं। इन विद्यालयों ने ऐसे लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा दी है जो निजी विद्यालयों की ऊंची फीस वहन नहीं कर सकते थे। सरकारी विद्यालयों ने समाज के विभिन्न वर्गों के बच्चों को एक साथ बैठकर सीखने का अवसर दिया है, जिससे सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिली है। आज भी देश के अनेक ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में सरकारी स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र विकल्प हैं। पिछले दो दशकों में निजी विद्यालयों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। अनेक अभिभावकों को लगता है कि निजी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम, बेहतर अनुशासन और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस धारणा के कारण वे आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजना पसंद करते हैं। भारत में प्रजनन दर में लगातार कमी आ रही है। कम बच्चों के जन्म लेने का सीधा प्रभाव स्कूलों में प्रवेश संख्या पर पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रभाव अधिक दिखाई दे रहा है। रोजगार और बेहतर जीवन की तलाश में बड़ी संख्या में परिवार शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। परिणामस्वरूप गाँवों के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या घट रही है। कई स्थानों पर अभिभावकों का मानना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर निजी स्कूलों की तुलना में कम है। भले ही यह धारणा हर जगह सही न हो, लेकिन यह प्रवेशों को प्रभावित करती है। कई विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। कहीं एक ही शिक्षक कई कक्षाओं को पढ़ा रहा है तो कहीं प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और डिजिटल संसाधनों की कमी है। ऐसी परिस्थितियाँ अभिभावकों का विश्वास कम करती हैं। कम छात्र संख्या के कारण कई राज्यों में विद्यालयों के विलय या बंद करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इससे बच्चों को दूर स्थित विद्यालयों में जाना पड़ता है, जिसके कारण विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित हो सकती है। यदि सरकारी विद्यालय कमजोर होते हैं तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल उन लोगों तक सीमित हो सकती है जो निजी शिक्षा का खर्च उठा सकते हैं। इससे शिक्षा में असमानता और बढ़ेगी। सरकार विद्यालय भवनों, शिक्षकों, पाठ्यपुस्तकों, मध्यान्ह भोजन और अन्य सुविधाओं पर भारी निवेश करती है। यदि विद्यार्थियों की संख्या घटती है तो इन संसाधनों का पूरा लाभ समाज को नहीं मिल पाता। सरकारी विद्यालय विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चों को साथ लाते हैं। इनके कमजोर होने से समाज में वर्गीय विभाजन बढ़ सकता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि सभी सरकारी विद्यालय कमजोर हो गए हैं। देश के अनेक सरकारी विद्यालय उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उनके विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं।

# विश्वास के संकट को दूर कर राजनीति के राष्ट्र की मुख्यधारा में पुनर्स्थापना का काल

राष्ट्र जीवन के विविध क्षेत्रों में राजनीति सबसे सक्रिय क्षेत्र है। राजनीति से ही विधायिका जनहितकारी अधिनियमन करती है। राजनीति के विचार प्रभाव में राष्ट्र शक्तिशाली होते हैं। राजनीति में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता देर सवेर सरकार बनाते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्वाधीनता आंदोलन के समय समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सक्रिय रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन के जीवन मूल्य त्याग आधारित थे। स्वतंत्र भारत में राजनीति के उच्चतर मूल्य घटने लगे। दलतंत्र में विश्वास का संकट बढ़ता गया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति पर आए विश्वास के संकट पर कई बार संसद में भी बेचैनी व्यक्त की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चलाया। अन्ना हजारे का आंदोलन भी चला था, लेकिन देश के प्रबुद्ध क्षेत्रों में राजनीति के प्रति निराशा पैदा होती चली गई। राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण बढ़ते गए। राजनीति विचार आधारित नहीं रही। ऐसे में विचार आधारित राजनीति के योद्धा नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण हुआ। वे गुजरात के मुख्यमंत्री हो चुके थे। उन्होंने विश्वास के संकट को दूर करने का और समूची राजनीति को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का सफल प्रयास किया। चुनाव में मोदी की गारंटी जैसे आकर्षक जुमलों ने अपना स्थान बनाया। मोदी ने जो कहा वो पूरा कर के दिखाया। मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया। मोदी सरकार के 12 बरस पूरे हुए हैं। मोदी के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ता ही गया। इसके भी ठोस कारण हैं। भाजपा जब नहीं थी, तब वह जनसंघ के रूप में काम करती थी। जनसंघ काल की सदस्यता पर्ची में भारत परमाणु शक्ति संपन्न बने, का संकल्प व्यक्त किया गया था। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 को हटाने का आश्वासन भी दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन कर तैयार है। पूजा उपासना जारी है। कॉमन सिविल कोड भी कई राज्यों ने अपना लिया है। जन विश्वास का ही परिणाम है कि अमेरिकी ईरानी युद्ध के प्रभाव में पैदा तेल संकट की चुनौती से भारत सफलतापूर्वक निकल आया है। प्रधानमंत्री ने सीधे देश की जनता से ही तेल खपत में कमी लाने की अपील की। ये प्रधानमंत्री के प्रति आम जनता के बढ़े विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सोना खरीदने और विदेश यात्रा से बचने का भी आग्रह किया है। मोदी सरकार के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देशवासियों में स्वदेशी के प्रति नया विश्वास जगाया। लोगों ने स्थानीय उत्पादों को, अपने छोटे व्यापारियों को समर्थन देने और भारतीय निर्माण क्षमता पर भरोसा करने का संकल्प लिया। मोदी के कामकाज और व्यवहार का आकर्षण सारी दुनिया पर है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आज दुनिया के मंच पर भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। इसके पीछे भी देशवासियों का भरोसा है। पहले दुनिया भारत को संभावनाओं वाले देश के रूप में देखती थी। आज दुनिया भारत को समाधान देने वाले देश के रूप में देख रही है। यह परिवर्तन केवल सरकार की वजह से नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक विश्वास की वजह से संभव हुआ है। संप्रति भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश के 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भारत समृद्धि के लिए काम कर रहा है। वर्ष 2014 में देश की जनता ने पहली बार नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद देकर देश सेवा के लिए दिल्ली भेजा था। तब देश ने मोदी सरकार पर भरोसा किया और मोदी जी ने उस भरोसे को अपने परिश्रम से मजबूत किया है।

मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया। मोदी सरकार के 12 बरस पूरे हुए हैं। मोदी के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ता ही गया। इसके भी ठोस कारण हैं। भाजपा जब नहीं थी, तब वह जनसंघ के रूप में काम करती थी। जनसंघ काल की सदस्यता पर्ची में भारत परमाणु शक्ति संपन्न बने, का संकल्प व्यक्त किया गया था। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 को हटाने का आश्वासन भी दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन कर तैयार है। पूजा उपासना जारी है। कॉमन सिविल कोड भी कई राज्यों ने अपना लिया है। जन विश्वास का ही परिणाम है कि अमेरिकी ईरानी युद्ध के प्रभाव में पैदा तेल संकट की चुनौती से भारत सफलतापूर्वक निकल आया है। प्रधानमंत्री ने सीधे देश की जनता से ही तेल खपत में कमी लाने की अपील की। ये प्रधानमंत्री के प्रति आम जनता के बढ़े विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सोना खरीदने और विदेश यात्रा से बचने का भी आग्रह किया है। मोदी सरकार के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देशवासियों में स्वदेशी के प्रति नया विश्वास जगाया। लोगों ने स्थानीय उत्पादों को, अपने छोटे व्यापारियों को समर्थन देने और भारतीय निर्माण क्षमता पर भरोसा करने का संकल्प लिया। मोदी के कामकाज और व्यवहार का आकर्षण सारी दुनिया पर है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आज दुनिया के मंच पर भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। इसके पीछे भी देशवासियों का भरोसा है। पहले दुनिया भारत को संभावनाओं वाले देश के रूप में देखती थी। आज दुनिया भारत को समाधान देने वाले देश के रूप में देख रही है। यह परिवर्तन केवल सरकार की वजह से नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक विश्वास की वजह से संभव हुआ है। संप्रति भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश के 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भारत समृद्धि के लिए काम कर रहा है। वर्ष 2014 में देश की जनता ने पहली बार नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद देकर देश सेवा के लिए दिल्ली भेजा था। तब देश ने मोदी सरकार पर भरोसा किया और मोदी जी ने उस भरोसे को अपने परिश्रम से मजबूत किया है। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत करोड़ों कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का भरोसा है।

भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत करोड़ों कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का भरोसा है। विश्वास के कारण ही जनता ने अपना भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी मोदी को सौंप दी है। प्रतिपक्षी दल कभी वोट चोरी, कभी बेईमानी जैसे आरोप लगाते हैं। सरकार के विरुद्ध लोकतंत्र खत्म करने आदि के आरोप लगाते हैं। जनता और मोदी के रिश्तों को नहीं पहचानते मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। जब जब चुनाव होते हैं, सरकार के विरुद्ध अनर्गल आरोप प्रारंभ हो जाते हैं। और ईवीएम के खुलते ही विपक्षी सपने चूर-चूर हो जाते हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका होती है। यहाँ सत्ता पक्ष प्रमाणिक है। लेकिन विपक्ष सुझाव देने और आलोचना करने के कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता। मोदी सरकार ने इन 12 वर्षों में भारत ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिकता और सांस्कृतिक चेतना साथ-साथ चल सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी सभ्यता, अपने महापुरुषों और अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को जन-जन की चेतना का हिस्सा बनाया। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर से जुड़े पांच स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करना केवल स्मारक निर्माण नहीं था, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समावेशिता और संविधान के मूल्यों को राष्ट्रीय चेतना में स्थापित करने का प्रयास था। महू से लेकर लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई तक बाबा साहब के जीवन से जुड़े स्थान आज प्रेरणा के तीर्थ बन चुके हैं। इसी प्रकार आदिवासी समाज के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर मोदी सरकार ने यह संदेश दिया है कि भारत प्राचीन राष्ट्र है। इसका इतिहास राजमहलों तक सीमित नहीं बल्कि जंगलों, जनजातियों और संघर्षों का भी इतिहास है। जिन वीरों को वर्षों तक उपेक्षित रखा गया, उन्हें राष्ट्रीय सम्मान देने का कार्य मोदी सरकार में हुआ है। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य स्टैचू ऑफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। यह नए भारत की ऊंची सोच का प्रतीक है। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को बताती है कि भारत की एकता कितने संघर्ष और संकल्प से निर्मित हुई है। औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का संकल्प भी मोदी सरकार के इन 12 वर्षों में स्पष्ट दिखाई दिया। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना शासन की सोच में परिवर्तन का प्रतीक था। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर देश ने अपने उन महानायकों को सम्मान दिया जिनके योगदान को लंबे समय तक पर्याप्त स्थान नहीं मिला। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# तलवे चाटने का हुनर

**पंकज शर्मा 'तरुण'**

दुनिया के किसी भी देश के नेताओं में तलवे चाटने का हुनर नहीं पाया जाता। यह हुनर केवल बौद्धिक संपदा से ओत- प्रोत देश भारत में बहुतायत से पाया जाता है। चाटने की कला कब से प्रारंभ हुई इसका ठीक से कोई प्रामाणिक उल्लेख किसी भी पौराणिक ग्रन्थ में पढ़ने को तो नहीं मिला मगर देखने में अवश्य आया है,सच्चा चाटुकार वह होता है जो वाणी की वीणा सुर में बजा कर अपने स्वामी का स्वस्थ मनोरंजन कर सके।उसकी मनोवांछित मनोकामनाओं को स्वतः ही समझ कर पूर्ण करने में सतत रूप से ईमानदारी धारण किए दायित्व समझ कर पूर्ण करता रहे। स्वामी को कब क्या चाहिए इसका पूर्ण ज्ञान होना सबसे पहला गुण है।उनसे मिलने आने वाले भक्तों को किस तरीके से मिलने की अनुमति प्रदान करना,किस समय मिलवाना, उनके द्वारा लाए गए चढ़ावे को ले कर भलीभांति स्थान पर सहेज कर संभाल कर रखने की कला में पूरी तरह पारंगत होना चाहिए। सुरक्षा के अन्य उपायों में प्रतिष्ठित मजबूत कुख्यात भाइयों को किस तरह तैयार रखना तथा प्रतिकूल समय में उनका उपयोग किया जाना भी आना चाहिए। हालांकि इस कला को संकाय के रूप में आज तक किसी भी विश्वविद्यालय में मान्यता नहीं दी है फिर भी विश्व विद्यालयों में इसका व्यावहारिक ज्ञान वहां के उप कुलपतियों तथा विद्वान प्राध्यापकों सहायक प्राध्यापकों द्वारा प्रतिदिन दिया जाता रहा है। उनके द्वारा अपने विषय को किस मात्रा में कितने समय किस तरीके से पढ़ाना उनकी शैली को विद्यार्थी महाविद्यालयों में स्वतः ही ग्रहण करते रहते हैं। डिग्री के ले लेने के पश्चात वे जिस क्षेत्र विशेष में सेवा देने जाते हैं वहां अपने से ऊंचे ओहदेदार के तलवों को चाटना प्रारंभ कर अपनी उत्कृष्ट कला से कुछ ही दिनों में उनके खास म खास अर्थात प्रिय चाटुकार हो जाते हैं। बॉस जिसे हिंदी में स्वामी कह कर पुकारते हैं,उसके सामने सहयोगी साथी मित्रों की कमियों को बातों बातों में उजागर कर उनकी इमेज खराब करना भी आना परमावश्यक है।जिसे साथियों को डांट पड़वाना नहीं आता वह चाटुकारिता की कला में असफल माना जाता है। उदाहरण के रूप में एक पार्टी के सबसे लोकप्रिय नेता जो पप्पू के नाम से विख्यात हो चुके हैं उनके किस्सों से तो इतिहास भरा पड़ा है वे जहां भी जाते हैं वहां चाटुकार लोग इस कदर सक्रिय हो जाते हैं कि दूसरे दिन ही उनकी पार्टी के कुछ नेता पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में चले जाते हैं वे वहां अपनी इस कला से किसी न किसी राज्य के मुख्य मंत्री बन कर या फिर राज्य सभा के सांसद बन कर पप्पू की बखिया उधेड़ने में लग जाते हैं। जो थोड़े बुद्धि प्रसाद होते हैं उन्हें पार्टी प्रवक्ता बना दिया जाता हैं ताकि टेलीविजन के निरर्थक बहस के पापुलर कार्यक्रमों में जा कर अपनी तथा अपने दल की भद्द पिटवा सकें। विशेष योग्यता के रूप में गालियां देना भी आना चाहिए !आप जितनी अच्छी तरह से गालियां दे सकते हैं उतनी आपको इज्जत मिलेगी। बखिया उधेड़ने की यह कला आजकल बहुत प्रचलन में है। किसी भी दल का प्रवक्ता हो यह हुनर चाटुकार में कूट कूट कर भरा होना ही चाहिए। एंकर की एक तरफा एंकरिंग को असफल करना भी आना चाहिए। गोदी मीडिया जैसे भारी भरकम हथ गोले स्टूडियो में कब फोड़ना है इसका ज्ञान भी होना चाहिए! चाटुकारिता भारतीय राजनीति और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रमुख अंग हो चला है। इसी के कारण आज पूरी दुनिया में इसका डंका बजा हुआ है। मेरा तो भारत सरकार से यह अनुग्रह पूर्ण सुझाव है कि इस कला को भारत के विश्वविद्यालयों में अनिवार्य रूप से विषय के रूप में पढ़ाया जाना स्वीकार करें ताकि वर्तमान में जो बेरोजगारी की विपदा युवा वर्ग में दिखाई पड़ रही है नौकरी न मिलने की स्थिति में इस कला से रोजी रोटी कमा सकें।

## सेहत मंत्र

# ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताते हैं तो रहें सावधान! रखें आंखों का ध्यान

वर्तमान समय में, लोगों का अधिकतर समय स्क्रीन के सामने ही बीतता है। इसमें सिर्फ छोटे बच्चे ही शामिल नहीं हैं, बल्कि व्यस्क लोग भी कंप्यूटर व स्मार्ट फोन पर काफी समय बिताते हैं। लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से आपको कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक है आंखों का कमजोर होना। जो लोग अपनी आंखों का सही तरह से ख्याल नहीं रखते, उनकी नजरें कम उम्र में ही कमजोर हो जाती हैं। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे व्यायाम के बारे में बताते हैं, जिनकी मदद से आप अपनी आंखों को चुस्त व तंदुरूस्त रख सकते हैं। आई रोलिंग : आंखों के लिए इस व्यायाम को काफी अच्छा माना जाता है। यह आपकी आंखों को तंदुरूस्त बनाने के साथ?साथ उसकी थकावट को भी दूर करता है। इसके लिए आप अपनी आंखों को पहले क्लॉकवाइज घुमाएं और फिर एंटी?क्लॉकवाइज घुमाएं। करीबन एक मिनट तक ऐसा करने के बाद आप अपनी आंखों को बंद कर लें। ठीक इसी तरह आप कम से कम 30?30 सेंकड तक आंखों को ऊपर-नीचे भी जरूर घुमाएं। आंखों को ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर घुमाते हुए ध्यान रखें कि आपकी आंखों की दिशा में परिवर्तन न हो, अन्यथा इससे आपको लाभ के स्थान पर हानि भी उठानी पड़ सकती है। त्राटकः यह एक ऐसा योगाभ्यास है जो न सिर्फ आंखों की रोशनी को बढ़ाता है, बल्कि इसके सभी विकारों को दूर करने का माद्दा रखता है। इसके लिए आप अपनी आंखों के समानांतर किसी भी एक चीज को ध्यान लगाकर तब तक देखें, जब तक आंखों में पानी न आ जाए या फिर आंखों में दर्द शुरू न हो जाए। जब ऐसा हो तो आप आंखें बंद कर लें और फिर कुछ क्षण बाद आंखों को खोलें। अगर आपको अपनी आंखों में थकान महसूस हो रही है तो आप पहले अपनी हथेलियों को आपस में रगड़ें। इससे वे गर्म हो जाएंगी। अब आप आंखें बंद करके अपनी हथेलियों को उसके ऊपर रखें। करीबन दस सेंकड इसे रखने के बाद हाथ हटा लें।

## धर्म मंत्र

# हरे रंग से प्रसन्न होते हैं चंद्रमा और बृहस्पति के प्रिय बुध देव

बुधवार को बुध ग्रह की पूजा की जाती है, जिन्हें चंद्रमा और बृहस्पति दोनों अपना पुत्र मानते हैं। इसीलिये उनमें चंद्रमा और बृहस्पति दोनों के गुण पाये जाते हैं। इच्छा पूर्ति के लिए करें बुध का व्रतः बुधवार के दिन श्री गणेश जी की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। कहते हैं कि बुधवार का व्रत करने से बौद्धिक विकास होता है। बुधवार का व्रत बुध ग्रह से शुभ परिणाम प्राप्त करने के लिए किया जाता है। साथ ही इस व्रत को इच्छाओं को पूरा करने और धन, सुख आदि को प्राप्त करने के लिए भी किया जाता है। अग्नि पुराण के अनुसार बुध का व्रत शुरू करने का सर्वोत्म समय तब होता है जब बुधवार विशाखा नक्षत्र में हो। ये व्रत लगातार सात बुधवार तक करने पर अत्यंत लाभदायक होता है। बुधवार के व्रत का आरंभ गणेश जी के साथ नवग्रहों की पूजा से करना चाहिए। व्रत के दौरान भागवत महापुराण का पाठ करने से भी लाभ होता है। ऐसे करें बुधवार का व्रत एवं पूजनः सामान्य रूप से बुधवार व्रत शुक्ल पक्ष के पहले बुधवार से शुरू करना अच्छा होता है। इस दिन पूजा करने के लिए प्रातः सभी नित्य कार्यों से निवृत्त होकर शुद्ध होने के बाद भगवान बुध की पूजा करें। इस व्रत को करने वाला यदि पूजा के समय हरे रंग की माला और वस्त्र धारण करें तो शुभ फल मिलता है ऐसा माना जाता है। बुधवार को पूरे दिन व्रत के बाद शाम को फिर से पूजा करें। इस व्रत में हरे रंग के वस्त्रों, फूलों और सब्जियों का दान देना उत्तम होता है। इस दिन एक समय दही, मूंग दाल का हलवा या हरी वस्तु से बनी चीजों का भोजन करना चाहिए। भगवान को भी हरे रंग की वस्तुयें समर्पित की जानी चाहिए।

## पर्यटन



# सिंगापुर एशिया का सबसे खूबसूरत देश

अगर आप भी विदेश भ्रमण करना चाहते हैं तो सिंगापुर द्वीप को चुनना आपके लिए फायदेमंद रहेगा, क्योंकि यहां पर कई धर्मों में विश्वास रखने वाले, विभिन्न देशों की संस्कृति, इतिहास तथा भाषा के लोग एकजुट होकर रहते हैं। सिंगापुर दक्षिण एशिया में मलेशिया तथा इंडोनेशिया के बीच में स्थित है। वैसे तो सिंगापुर को सिंहों का पुर माना जाता है यानी इसे सिंहों का शहर भी कहा जाता है। इस शहर को प्रकृति का वरदान प्राप्त है। यहां मुख्य रूप से चाइनीज और अंग्रेजी भाषा प्रचलित हैं। यहां कई मनोरंजक स्थल हैं, साथ ही यह आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा युक्त संपन्न शहर है। सैर-सपाटे की दृष्टि से कई प्रकार के मनोरंजक स्थल मौजूद हैं, जो पर्यटकों का मन लुभाते हैं। विश्व के सबसे प्रमुख बंदरगाहों में से एक सिंगापुर है तथा यह प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। यहां का हवाई अड्डा आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा संपन्न है। यहां के कई मनमोहक दृश्य देखने के बाद आंखों के सामने उन नजरों को हटाना मुश्किल सा लगता है। सिंगापुर का रुख करने के बाद अगर आप वहां भारत देखना चाहते हैं तो एक स्थान ऐसा भी है, जहां पर भारतीय खान-पान और सारी अन्य वस्तुएं आसानी से मिल जाती है। दक्षिण भारतीय उडलैंड होटल के पास आप कई तरह की चीजें देख सकते हैं। इसके साथ ही यहां अनेक तरह की भारतीय पोशाकें भी आसानी से प्राप्त जाती है। सिंगापुर के बड़े-बड़े बहुमंजिला मॉल्स में भी आपको हर तरह का भारतीय सामान देखने को मिल सकता हैं। एक किंवदंती के अनुसार चौदहवीं शताब्दी में सुमात्रा द्वीप का एक हिंदू राजकुमार जब शिकार हेतु सिंगापुर द्वीप गया, तो वहां के जंगलों में सिंहों को देखकर उसने उक्त द्वीप का नामकरण सिंगापुरा अर्थात सिंहों का द्वीप कर दिया था। सिंगापुर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में यहां के तीन संग्रहालय, जूरोंग बर्ड पार्क, रेप्टाइल पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, साइंस सेंटर सेंटोसा द्वीप, पार्लियामेंट हाउस, हिन्दू, चीनी व बौद्ध मंदिर तथा चीनी व जापानी बाग देखने लायक हैं। यहां पर जंगल, पहाड़, झरने तथा यहां के लहलहाते पेड़-पौधों व फूलों के बीच से रेलगाड़ी गुजरती है। यह देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो हम कोई स्वप्न देख रहे हो। यहां के बॉटनिकल गार्डन में विभिन्न प्रकार के रंगबिरंगे आर्किड फूल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गिनाईं मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियां, बोले- विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा!

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवेश, रोजगार एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। प्रदेश आज देश की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट एवं औद्योगिक निवेश जैसी परियोजनाएं विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भावी विकास कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता विकास की मुख्यधारा से जुड़े हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

इस अवसर पर राज्य मंत्री (कारागार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही, राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चन्द्र शर्मा, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# हनुमान मंदिर की आठवीं वर्षगांठ पर अखंड पाठ व विशाल भंडारा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा, बाराबंकी। कस्बा टिकैतगंज स्थित श्री बालाजी महाराज (हनुमान मंदिर) की आठवीं वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर शनिवार को श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसका समापन रविवार को हुआ। पाठ पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर समिति के सदस्य राकेश मौर्य ने बताया कि मंदिर की स्थापना आठ वर्ष पूर्व हुई थी। तभी से प्रतिवर्ष वर्षगांठ के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार भी श्रद्धालुओं और हनुमत भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सोमवती अमावस्या आज, पीपल पूजन ,दान–पुण्य से दूर होते ग्रह दोष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर, बाराबंकी। ज्येष्ठ माह की अमावस्या इस वर्ष सोमवार को पड़ रही है, जिससे इसका महत्व कई गुना बढ़ गया है। हिंदू धर्म में सोमवार को आने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है और इसे अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन स्नान, दान, जप-तप एवं पीपल वृक्ष की पूजा करने से पितृ दोष, ग्रह बाधाएं और जीवन के अनेक कष्ट दूर होते हैं।

क्षेत्र के ज्योतिषाचार्यों के अनुसार कई वर्षों बाद ज्येष्ठ मास में सोमवती अमावस्या का यह विशेष संयोग बन रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु प्रातःकाल पवित्र नदी अथवा घर पर स्नान कर भगवान विष्णु, शिव एवं पितरों का स्मरण करते हैं। इसके बाद पीपल वृक्ष की जड़ में जल, गंगाजल, कच्चा दूध और काले तिल अर्पित कर विधिवत पूजन किया जाता है। तिल के तेल का दीपक जलाकर पीपल की परिक्रमा करने का भी विशेष महत्व बताया गया है।

धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है कि सोमवती अमावस्या के दिन किए गए दान-पुण्य का फल कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, फल एवं दक्षिणा का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। विवाहित महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमा भी करती हैं। रामनगर एवं आसपास के मंदिरों में सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां की गई हैं। कई श्रद्धालु पूरे दिन उपवास रखकर भगवान शिव और विष्णु की आराधना करेंगे। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से पूजा करने पर पितृ प्रसन्न होते हैं तथा परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए सोमवती अमावस्या को वर्ष की महत्वपूर्ण और पुण्यदायी तिथियों में से एक माना जाता है।

# मोहर्रम के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मसौली बाराबंकी। आगामी मोहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को कस्बा शहाबपुर में अहमद मस्जिद के निकट प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनीस अफजाल अंसारी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि मोहर्रम कोई पर्व या त्योहार नहीं बल्कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम एवं उनके 72 साथियों द्वारा इस्लाम की रक्षा के लिए दी गई कुर्बानियों को याद कर गम मनाने का महीना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोहर्रम के दौरान निकलने वाले अलम एवं ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मो. रिहान, मोहम्मद हमजा, इस्तिखार अंसारी,बदरूदुजा अंसारी,ऐजाज रसूल, हबीबुर्रहमान बीडीसी,सगीर कुरेशी ,नियाज़ कटरा,नूरुद्दीन,रफीक चौधरी समसुद्दीन,रईस आलम बीडीसी, सादाब अंसारी,गुफरान अंसारी अब्दुल्ला अंसारी, निहाल अंसारी, असलम कटरा, अकरम अंसारी, मो फुरकान आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन की शिकायतों पर भड़के प्रभारी मंत्री, अधिकारियों को लगाई फटकार

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित जनकल्याण एवं संवाद शिविर में ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर शिकायतें कीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में पानी की टंकियां बनने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। वहीं पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों, खड़ंजों और इंटरलॉकिंग मार्गों की मरम्मत भी नहीं कराई गई है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतों के दौरान जल जीवन मिशन विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद नहीं मिला। इस पर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही नाराज हो गए और संबंधित अधिकारियों को तत्काल जिला मुख्यालय पर तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पट्टे की भूमि पर कब्जे का आरोप, मुकदमा दर्ज

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के दीनपनाह गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि वर्ष 2002 में उसे ग्राम अकबरपुर स्थित भूमि का पट्टा आवंटित हुआ था और वह वर्षों से उस पर काबिज रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों ने नाम और पिता के नाम की समानता का लाभ उठाकर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करा लिया। पीड़ित के अनुसार उसने वर्ष 2017 में इसी भूमि के आधार पर बैंक से ऋण भी प्राप्त किया था। वर्तमान में विपक्षी भूमि पर कब्जा किए हुए हैं और खेती करने जाने पर धमकी दे रहे हैं। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले रुपये, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली चौराहे स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम बूथ में कार्ड बदलकर खाते से रुपये निकालने का मामला सामने आया है। घटना एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अनूपगंज मजरे सहादतगंज निवासी मोहम्मद जहीर रविवार सुबह एटीएम से रुपये निकालने गए थे। इसी दौरान दो युवक बूथ में पहुंचे और धक्का-मुक्की के बीच उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। यूनियन बैंक के एटीएम से पैसा न निकलने पर जब वह पास स्थित दूसरे बैंक के एटीएम पहुंचे तो उन्हें कार्ड बदला हुआ मिला। इसी दौरान मोबाइल पर खाते से रुपये निकलने के संदेश आने लगे। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्य अतिथि अमरीश रावत ने फीता काटकर किया स्वास्थ्य मेले का आयोजन



सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मुख्यालय सिद्धौर स्थित चंद्रमौलि वर्मा सभागार में रविवार को तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। यह मेला 14 से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा।आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि अमरीश रावत तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आरती रावत और खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।अतिथियों ने कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को एक ही स्थान पर कई सरकारी योजनाओं का लाभ मिल जाता है। स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच की गई,उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया और निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।मेले में बड़ी संख्या में लाभार्थी, ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।इस मौके पर सीएससी अधीक्षक डॉक्टर हरप्रीत सिंह, सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव भाजपा जिला महामंत्री बृजेश रावत, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया,तीरथ राम वर्मा, नीतू रावत,सत्यनाम सिंह वर्मा,डॉ.राजेंद्र वर्मा,संदीप पांडेय,हनुमान वर्मा, रमाकांत सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# लाखों की हेल्थ एटीएम मशीन बनी शोपीस मरीजों की हो रही सिर्फ मैन्युअल जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। ग्रामीणों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिलोकपुर में स्थापित की गई हेल्थ एटीएम मशीन फिलहाल शोपीस बनकर रह गई है। लाखों रुपये की लागत से लगाई गई यह मशीन मरीजों के किसी काम नहीं आ रही है। स्वास्थ्य जांच के नाम पर मरीजों की सिर्फ मैन्युअल जांच कर उन्हें वापस भेजा जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिलोकपुर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 127 मरीजों का उपचार किया गया। उपचार पाने वालों में आर्यन सिंह (4 वर्ष), सुरभि (4 वर्ष), राजू (22 वर्ष), सुनील (38 वर्ष), पूनम (27 वर्ष), दिव्यांशी (8 वर्ष), अभय सिंह (18 वर्ष) और नीलम (32 वर्ष) सहित बड़ी संख्या में मरीज शामिल रहे।

डॉ. सुनील रावत ने बताया कि भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण इन दिनों सन स्ट्रोक और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मेले में चिकित्सकीय परामर्श और उपचार की व्यवस्था की गई थी। वहीं एएनएम शिवकुमारी ने बताया कि 12 महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण भी किया गया।

हालांकि स्वास्थ्य मेले के दौरान हेल्थ एटीएम मशीन की निष्क्रियता चर्चा का विषय बनी रही। लैब टेक्नीशियन अंजू कुमारी ने बताया कि मशीन से जांच नहीं हो पा रही है, इसलिए मरीजों की मैन्युअल जांच की जा रही है। कई मरीजों ने भी शिकायत की कि वे कई बार अस्पताल आ चुके हैं, लेकिन हर बार मशीन बंद मिलती है और केवल सामान्य जांच कर वापस भेज दिया जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लगाई गई मशीन यदि उपयोग में नहीं आ रही है तो इसका कोई औचित्य नहीं है। लाखों रुपये खर्च कर स्थापित की गई हेल्थ एटीएम मशीन के निष्क्रिय पड़े रहने से सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मशीन को शीघ्र चालू कराकर मरीजों को वास्तविक जांच सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में लगा वाटर कूलर बना शोपीस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर बाराबंकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में मरीजों और उनके तीमारदारों की सुविधाओं को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल परिसर में लगाया गया आरओ वाटर कूलर सिर्फ शोपीस बनकर रह गया है। वहीं रात होते ही अस्पताल परिसर अंधेरे में डूब जाता है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल में आने वाले लोगों का कहना है कि परिसर में लगा आरओ वाटर कूलर खराब पड़ा है। वाटर कूलर से ठंडा पानी नहीं निकलता, बल्कि छत पर रखी टंकी से सीधे सामान्य और गर्म पानी की सप्लाई हो रही है। ऐसे में भीषण गर्मी के बीच मरीजों और तीमारदारों को ठंडे पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, अस्पताल के मुख्य गेट पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत द्वारा लगवाई गई दो सोलर स्ट्रीट लाइटें भी सालों से बंद पड़ी हैं। शाम ढलते ही मुख्य गेट से लेकर इमरजेंसी वार्ड तक अंधेरा छा जाता है। इससे रात में आने वाले मरीजों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

स्थिति यह है कि अस्पताल में पानी की व्यवस्था ठप होने के कारण कई मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल के बाहर बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर से पानी लाना पड़ता है।

इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर में लगा आरओ वाटर कूलर काफी दिनों से खराब है। उसे जल्द ही ठीक कराने की कार्रवाई कराई जाएगी। साथ ही बंद पड़ी सोलर स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

# राजनाथ का कुशल क्षेम लेने पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार को प्रख्यात गांधीवादी एवं समाजवादी चिन्तक और लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा का हालचाल लेने बेलहरा हाउस स्थित उनके पहुंचे। वहां उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमओ डॉ रंजन गौतम से उनका उचित और आवश्यक इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बता दें कि बीते दिनों श्री शर्मा के फ़ेफड़ों में संक्रमण के चलते उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। जहां उन्हें चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त निमोनिया की शिकायत पाई गई। गुरूवार को वह स्वस्थ होकर अस्पताल से घर पहुंचे, जहां वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। श्री शर्मा के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने राजनाथ शर्मा के साथ ही उनके बेटे मृत्युंजय शर्मा और धनंजय शर्मा से मुलाकात की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री के इस आत्मीय एवं संवेदनशील व्यवहार की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। श्री पाठक ने कहा कि राजनाथ शर्मा जैसी शख्सियत हमारी अनमोल धरोहर है। राजनाथ शर्मा समाजवाद की पाठशाला है। आज के दौर में ऐसे राजनेता विरले है। शर्मा जी स्वस्थ रहें और शतायु हों। वह हमारा मार्गदर्शन करते रहे। यही ईश्वर से प्रार्थना है। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रंजन गौतम, वाल्मीकी नगर वार्ड के सभासद अश्विनी शर्मा शिवा, आशु लिपिक अंकुर वर्मा, पत्रकार पाटेश्वरी प्रसाद, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, चौकी प्रभारी अनुराग पाठक, कोतवाली प्रभारी सुधीर सिंह, रंजय शर्मा, डॉ अदिति शर्मा, जिला उपभेक्ता फोरम के पूर्व न्यायिक सदस्य हुमायूं नईम खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल शुरू करने के चंद घंटों में मंगलदीप कांड में हत्या का मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के असंद्रा थाना अंतर्गत सिल्हौर गांव निवासी 20 वर्षीय युवक मंगलदीप मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने पिता के भूख हड़ताल पर बैठने के बाद हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। परिजनों के धरना प्रदर्शन और चार घंटे की भूख हड़ताल के बाद यह कार्रवाई की गई पुलिस ने मामले की जांच तेज करते हुए कॉल डिटेल रिकॉर्ड सीडीआर समेत अन्य साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पीड़ित शेषराज मिश्रा निवासी सिल्हौर गांव ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र मंगलदीप मिश्रा मध्य प्रदेश में जेसीबी चालक के रूप में काम करता था और 6 जून को घर आया था। आठ जून की सुबह वह खेत गिरवी से छुड़ाने के लिए धन की व्यवस्था करने के उद्देश्य से करीब 70 हजार रुपये लेकर अपने मित्र की मोटर साइकिल से घर से निकला था। मृतक के पिता शेषराज ने बताया की उसी रात करीब नौ बजे मंगलदीप ने फोन पर जल्द घर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन अगले दिन नौ जून को उसका शव सिल्हौर और रमगढ़ा गांव के बीच स्थित एक बाग में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक के पिता ने बताया कि घटनास्थल पर युवक के पैर जमीन को छू रहे थे तथा गले, पीठ और माथे पर चोट के निशान मौजूद थे। साथ ही उसके पास रखी नकदी, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी गायब थे। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन परिजन शुरू से ही हत्या की आशंका जताते रहे। रविवार की सुबह करीब नौ बजे से परिजन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। करीब चार घंटे तक चले धरना और भूख हड़ताल के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने धरना रत शेष राज मिश्रा को पानी पिलाकर अनशन समाप्त कराते हुए जल्द घटना का अनावरण करने की बात कही है।धरना स्थल पर करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव सिंह, जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, डीएनएस त्यागी, महंत मुकुंद पुरी, अधिवक्ता अभिषेक सिंह, विवेकानंद शुक्ला, सवर्ण आर्मी के मनोज शुक्ला, अमित मिश्रा उदय नारायण पाठक अनूप मिश्रा शिवम पांडेय कीर्तिमान पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## धीरज की नजर अंताल्या में पहले विश्व कप स्वर्ण और दोहरी सफलता पर

एजेंसी



अंताल्या। भारत के शीर्ष रिकर्व तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के चरण तीन के रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल और पुरुष एकल सेमीफाइनल में उतरेंगे तो उनसे विश्व कप के अपने पहले स्वर्ण पदक के साथ दोहरी सफलता की उम्मीद होगी। ये दोनों मुकाबले भारत के लिए इस विश्व कप में पदक की आखिरी उम्मीद होंगे, क्योंकि कंपाउंड वर्ग बिना पदक के बाहर हो चुका है। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज धीरज पेरिस ओलंपिक में मामूली अंतर से पदक से चूकने के बाद एक बार फिर बड़े मंच पर शानदार वापसी के करीब हैं। पेरिस ओलंपिक में उनकी और अंकिता भकत मिश्रित टीम मुकाबले के कांस्य पदक प्लेऑफ में हार गयी थी। धीरज के पास अब विश्व कप के चरण तीन में दोहरे पदक जीतने का मौका है। धीरज रविवार को पहले युवा तीरंदाज कुमकुम मोहोड के साथ रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में ओह ये जिन और किम जे डोक की दक्षिण कोरिया की मजबूत जोड़ी का सामना करेंगे। धीरज अब तक मिश्रित टीम में दो विश्व कप कांस्य पदक जीत चुके हैं (2024 में अंकिता के साथ और 2025 में भजन कौर के साथ) लेकिन स्वर्ण पदक अभी भी उनसे दूर है। मिश्रित टीम फाइनल के बाद धीरज पुरुष एकल सेमीफाइनल में जर्मनी के मोरित्ज वाइजर से भिड़ेंगे। वह अगर इस मुकाबले को जीत जाते हैं, तो यह उनके करियर का पहला विश्व कप फाइनल होगा, जहां उनका सामना दक्षिण कोरिया के ली वू सुक से हो सकता है। सुक पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। धीरज ने 2021 में विश्व कप में पदार्पण करने के बाद 2023, 2024 और 2025 में तीन कांस्य पदक जीते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की जीत से तुर्किए की वापसी के जश्न में रंग में भंग डाला

एजेंसी



वैंकूवर। नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यहां 2-0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद लगातार पांच टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गया। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद 27वें मिनट में निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इरंकुंडा ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल के दिग्गज टिम कहिल के इस खेल में योगदान को याद करने के लिए कॉर्नर फ्लैग पर मुक्का मारकर जश्न मनाया। वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं। इसके कुछ मिनट बाद बीच ने अब्दुलकरीम बरदाकसी के जोरदार शॉट को रोककर शानदार बचाव किया। ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी पोपोविच ने अनुभवी गोलकीपर मैथ्यू रयान की जगह बीच को शुरुआती एकादश में रखने का चौंकाने वाला फैसला किया जो सही साबित हुआ। तुर्किए को 57वें मिनट में फ्री किक मिली, लेकिन बीच ने बड़ी खूबसूरती से अर्दा गुलेर के शॉट को बचा दिया। रियाल मैड्रिड के लिए खेलने वाले 21 वर्षीय मिडफील्डर गुलेर का जन्म उस समय नहीं हुआ था जब तुर्किए इससे पहले आखिरी बार विश्व कप में खेला था। कॉनर मेटकाफ ने 75वें मिनट में इस्माइल युकसेक की गलती का फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया।

## विनीसियस जूनियर के गोल से ब्राजील ने मोरक्को से 1-1 से ड्रॉ खेला

एजेंसी



ईस्ट रदरफोर्ड। रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम फुटबॉल विश्व कप के अपने पहले मैच में असली रंग में नहीं दिखी और मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में शुरू में पिछड़ गई लेकिन विनीसियस जूनियर के गोल की बदौलत 1-1 से ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। ब्राज़ील 2002 से खिताब नहीं जीत पाया है और उस पर इसका दबाव स्पष्ट नजर आ रहा था। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। चार साल पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मोरक्को की टीम ने पहले 30 मिनट में ब्राजील के गोल पर 12 शॉट लगाए। उसने इस बीच इस्माइल सैबारी के 21वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट से यह गोल किया। विनीसियस जूनियर ने 32वें मिनट में बराबरी का गोल किया। विनीसियस बाएं छोर से ब्रूनो गुइमारेस के साथ पास का आदान-प्रदान करके आगे बढ़े। उन्होंने नील एल ऐनाउई को चकमा दिया और गोलकीपर यासीन बोनू को छकाते हुए दाहिने पैर से शॉट मारकर अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। विनीसियस और ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं दिखे। विनीसियस ने कहा, ''हमारी शुरुआत बहुत खराब रही। हमें निश्चित रूप से गेंद पर नियंत्रण रखना होगा। हमें आगे बेहतर खेल दिखाना होगा। एंसेलोटी ने कहा, ''हमारी टीम शुरू में बैचेन लग रही थी। वह तनाव में दिख रही थी। वह काफी असंतुलित नजर आ रही थी।

## नेशंस कप में दम दिखाने को तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम, पहला मुकाबला अमेरिका से

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में हो रहे एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 में अपने अभियान की शुरुआत के लिए तैयार है। कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम का लक्ष्य खिताब जीतकर अगले साल होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जगह सुनिश्चित करना है। भारत अपने पूल ए अभियान का आगाज 15 जून को अमेरिका के खिलाफ करेगा, जबकि इसके बाद उसे जापान और उरुग्वे से मुकाबला करना है। आठ देशों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को प्रतिष्ठित एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जगह मिलेगी। खास बात यह है कि भारत इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के साथ चार मैचों के कड़े दौरे के बाद उतर रहा है, जहां उन्होंने दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर शानदार जज्बा दिखाया। पहला मैच करीबी अंतर से हारने के बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए अगले दो मैचों में जीत हासिल की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी मैच जीत लिया। इससे यह दोस्ताना सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई। इस दौरे ने भारतीय टीम के लिए कई उम्मीद जगाने वाले संकेत दिए। टीम ने दबाव में भी मजबूती दिखाई, खेल के हर चरण में रणनीतिक अनुशासन बनाए रखा और जबरदस्त आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों ने हाल के महीनों में टीम की तरक्की को और पुख्ता किया है। नेशंस कप की शुरुआत से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच स्जोर्ड मारिज्ने ने टीम की तैयारी और सोच पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा हमारे लिए बहुत अच्छी तैयारी थी। हम एक टीम के तौर पर सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अब हमारा पूरा ध्यान नेशंस कप पर है और हम इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। मारिज्ने ने ऐसे टूर्नामेंट में शांत और संयमित रहने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट में अक्सर छोटे-छोटे पल ही सबसे बड़ा फर्क डालते हैं। हमें अनुशासित रहना होगा, एक टीम के तौर पर एकजुट रहना होगा और मिले मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। हमारा मकसद सिर्फ अच्छे नतीजे पाना ही नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत आधार बनाना भी है। हम जानते हैं कि उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं और खिलाड़ी देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने टूर्नामेंट से पहले टीम को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महिला नेशंस कप हमारी महिला टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी तरक्की और हिम्मत दिखाने का एक बड़ा मौका है।

## भ्रामक ब्रांड नाम और दावों पर एफएसएसएआई की कार्रवाई, आठ खाद्य कंपनियों को नोटिस

नयी दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन के आरोप में भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और उत्पाद दावों का इस्तेमाल करने वाली आठ खाद्य कंपनियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वाली कंपनियों में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, ट्रूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स शामिल हैं। नियामक ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच के माध्यम से इस कार्रवाई की जानकारी दी। एफएसएसएआई के अनुसार, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी का 'ट्रेड' नाम उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है और यह लागू नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है। यह कंपनी कोलकाता स्थित इमामी समूह की खाद्य तेल इकाई है। वहीं, प्लान बी अपने उत्पादों को 'प्लांट बेस्ड वीगन' के रूप में प्रचारित करती है। एफएसएसएआई का कहना है कि कंपनी ने वीगन खाद्य उत्पादों के समर्थन संबंधी आवश्यक स्वीकृति लिए बिना अपने उत्पादों को वीगन के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपभोक्ताओं में गलत धारणा बन सकती है। द हेल्दी फैक्टरी के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' और 'जीरो मैदा पिज्जा बेस' उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि इन उत्पादों पर किए गए दावे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं और नियमों के अनुरूप नहीं दिखते। न्यूहर्ब्स की 'ट्रू विटामिन' उत्पाद श्रृंखला को भी नोटिस मिला है। एफएसएसएआई के अनुसार, 'ट्रू विटामिन' जैसा व्यापारिक नाम उसके नियमों में परिभाषित या मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यह उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है। इसी प्रकार, ट्रूवी के 'हेल्दी मिक्स वेजी चिप्स', 'हेल्दी रागी चिप्स' और 'हेल्दी मूंग दाल चिप्स' जैसे स्नैक उत्पादों पर 'हेल्दी' होने के दावे को लेकर सवाल उठाए गए हैं। नियामक का कहना है कि इनमें कई अन्य सामग्री भी शामिल हैं, ऐसे में इन उत्पादों को 'हेल्दी' बताना भ्रामक हो सकता है।

## भारत का रूस से कच्चे तेल, अन्य ईंधन का आयात मई में बढ़कर 6.7 अरब डॉलर पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत मई, 2026 में रूसी जीवाश्म ईंधन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा है।

यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों द्वारा खरीद बढ़ाए जाने से रूस से कुल कच्चे तेल और अन्य ईंधन का आयात बढ़कर अनुमानित 5.8 अरब यूरो (करीब 6.7 अरब डॉलर) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मई में रूस से भारत के कुल आयात में कच्चे तेल की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत रही, जिसका मूल्य 4.8 अरब यूरो था। इसके अलावा तेल उत्पादों और कोयले का आयात क्रमशः 55 करोड़ यूरो और 42.9 करोड़ यूरो रहा। सीआरईए ने कहा कि मई में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका एक प्रमुख कारण रूस से आयात में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी रहा। गुजरात स्थित देश के प्रमुख रिफाइनिंग केंद्रों में रूसी कच्चे तेल की आवक में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वाडिनार रिफाइनरी में अप्रैल की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक रूसी तेल उतारा गया, जबकि जामनगर रिफाइनिंग परिसर में यह वृद्धि 14 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरी कंपनियों ने भी इस वर्ष की शुरुआत में आयात दोबारा शुरू करने के बाद खरीद बढ़ाई है। नवंबर, 2025 के अंत में रूसी तेल आयात रोकने वाली न्यू मैंगलोर और विशाखापत्तनम रिफाइनरी ने मार्च से दोबारा खरीद शुरू की थी। मई में न्यू मैंगलोर रिफाइनरी में रूसी तेल की आपूर्ति मासिक आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ी, जबकि विशाखापत्तनम रिफाइनरी में इसमें 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ओडिशा स्थित पारादीप रिफाइनरी में भी पिछले दो साल में रूसी कच्चे तेल की सर्वाधिक मात्रा उतारी गई है। इससे संकेत मिलता है कि भू-राजनीतिक और प्रतिबंध संबंधी दबावों के बावजूद रियायती दरों पर उपलब्ध रूसी तेल भारतीय रिफाइनरी इकाइयों के लिए आकर्षक बना हुआ है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और व्यापारिक प्रतिबंधों से वैश्विक ऊर्जा कारोबार में बदलाव आया था। इसके बाद भारत, रूसी तेल के प्रमुख खरीदारों में शामिल हो गया। भारतीय रिफाइनरी इकाइयों ने रियायती रूसी तेल की खरीद बढ़ाकर ऊर्जा लागत कम करने के साथ रिफाइनिंग मार्जिन और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को भी सहारा दिया है।

## मुक्त व्यापार समझौतों से फर्नीचर निर्यात घरेलू विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : उद्योग

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत द्वारा हाल के वर्षों में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से देश के फर्नीचर उद्योग के निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इन समझौतों के तहत मिलने वाली शुल्क रियायतें भारतीय कंपनियों को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देंगी तथा देश में निवेश और उत्पादन क्षमता विस्तार को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत ने अब तक मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) समूह और ओमान के साथ एफटीए लागू किए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के साथ ऐसे समझौते किए जा चुके हैं, जबकि यूरोपीय संघ के साथ वार्ता पूरी होने की घोषणा की गई है। देश इजराइल, कनाडा, पेरू, चिली, खाड़ी सहयोग परिषद (बहरीन, कुवैत, कतर और सऊदी अरब) तथा यूरेशियन आर्थिक संघ (आर्मेनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान और रूस) के साथ भी इसी प्रकार के व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। गुजरात स्थित निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक केतन ठक्कर ने कहा कि इन समझौतों से भारतीय फर्नीचर उद्योग के लिए निर्यात के बड़े अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पहले ही निर्यात शुरू कर दिया है और भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छी मांग है। ठक्कर ने कहा कि इस क्षेत्र में आयात प्रतिस्थापन की भी व्यापक संभावनाएं हैं। भारत अभी बड़ी मात्रा में उच्च श्रेणी के कार्यालय और घरेलू फर्नीचर उत्पादों का आयात करता है, जबकि इन्हें देश में ही निर्मित किया जा सकता है। निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज की परियोजना प्रमुख आस्था ठक्कर ने बताया कि कंपनी को डाइनिंग और ऑफिस टेबल-चेयर, कॉन्फ्रेंस टेबल तथा मोनोलिथिक बफ़े टेबल जैसे उत्पादों के लिए अच्छी पूछताछ मिल रही है।

## वैश्विक कारकों और घरेलू आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही लिवाली के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर ईरान शांति वार्ता और विभिन्न वृहत आर्थिक संकेतकों पर होगी। ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में गत शुक्रवार को हुई जबरदस्त लिवाली से पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में साप्ताहिक तेजी देखी गयी। आने वाले सप्ताह में भी शांति वार्ता की प्रगति सबसे प्रमुख कारक होगा। घरेलू स्तर पर महंगाई और आयात-निर्यात के आंकड़ों के साथ मानसून की प्रगति का असर बाजार पर दिखेगा। खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार शाम जारी हुए हैं जबकि थोक महंगाई के आंकड़े सोमवार दोपहर जारी होने हैं। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की बैठक 16 और 17 जून को होनी है। फ़ेड का बयान भी शेयर बाजार को प्रभावित करेगा। गत सप्ताह सोमवार और गुरुवार को छोड़कर शेष तीन दिन बाजार में तेजी रही। विशेषकर, शुक्रवार को प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत चढ़ गये। बीएसई का सेंसेक्स 1,284.61 अंक (1.73 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 256.20 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 23,622.90 अंक पर पहुंच गया। वृहत बाजार में निवेशकों ने कुछ कम पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत चढ़ा। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में जहां लिवाली हावी रही, वहीं आईटी कंपनियां दबाव में रहीं। सेंसेक्स में कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक 6.85 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी देखी गयी। एक्सिस बैंक का शेयर 6.47 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक का 6.19, इंडिगो का 5.14, भारतीय स्टेट बैंक का 4.00, एचडीएफसी बैंक का 3.35 और बजाज फाइनेंस का 3.32 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। मारुति सुजुकी का शेयर 2.47 प्रतिशत, एलएंडटी का 2.43, एशियन पेंट्स का 2.28 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.20 प्रतिशत चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.81 प्रतिशत, आईटीसी में 1.57, सनफार्मा में 1.33 और भारती एयरटेल में 1.31 प्रतिशत की तेजी रही। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 6.73 प्रतिशत गिर गया। इटरनल का शेयर 4.93 फीसदी, टाटा स्टील का 4.33, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.92, टेक महिंद्रा का 3.59, एनटीपीसी का 2.13, टाइटन का 1.71 और टीसीएस का 1.67 प्रतिशत उतर गया। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर भी नीचे बंद हुए।



## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 1.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी


नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1.90 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान शेयर बाजार में तेजी के बीच आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत मजबूत हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 56,223 करोड़ रुपये बढ़कर 9,61,297.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 38,571.11 करोड़ रुपये बढ़कर 11,89,314.42 करोड़ रुपये हो गया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 36,137.87 करोड़ रुपये बढ़कर 9,38,661.50 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 18,366.57 करोड़ रुपये बढ़कर 5,71,947.54 करोड़ रुपये रही। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 14,380.14 करोड़ रुपये बढ़कर 11,10,530.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,241.39 करोड़ रुपये बढ़कर 5,57,197.83 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 10,984.34 करोड़ रुपये बढ़कर 5,09,285.65 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण भी 2,097.54 करोड़ रुपये बढ़कर 17,49,418.94 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 13,296.47 करोड़ रुपये घटकर 7,82,049.62 करोड़ रुपये रह गया, जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 822.25 करोड़ रुपये घटकर 5,05,051.07 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम का स्थान रहा।

# भारत की पहचान दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम वाले देश के रूप में हुई: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले 12 साल में देश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों के लिए सस्ता और आसानी से उपलब्ध बनाने की दिशा में लगातार काम किया गया है।

मोदी ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सरकार आगे भी ऐसी सभी पहल जारी रखेगी। मोदी ने कहा कि सरकार को इस बात पर गर्व होता है कि ''भारत को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत के लिए जाना जाता है, जो समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, पिछले 12 साल में भारत ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए लगातार काम किया है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जैसी योजनाओं ने दवाइयों, स्टेंट और घुटने के प्रतिरोपण को किफायती



बनाया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि साथ ही, अधिक संस्थानों और सीट की उपलब्धता के कारण मेडिकल शिक्षा लोगों की पहुंच में पहले की तुलना में अधिक सुलभ हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए हम अब तक हुई प्रगति को आगे बढ़ाते हुए लगातार काम करते रहेंगे। केंद्र सरकार के नागरिक सहभागिता मंच 'माईगोव इंडिया' के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना किसी भी देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है। 'माईगोव इंडिया' पर बताया गया, पिछले 12 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ज्यादा लोगों तक, ज्यादा कुशलता से और कम खर्च में पहुंचाने की दिशा में बड़ी प्रगति की है। आज देश का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, अधिक लचीला और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार है। 'माईगोव इंडिया' के मुताबिक, एक मजबूत स्वास्थ्य देखभाल तंत्र की शुरुआत अधिक चिकित्सकों, बेहतर प्रशिक्षण और मेडिकल शिक्षा तक व्यापक पहुंच से होती है। 'माईगोव इंडिया' पर बताया गया, ल्र्इन वर्षों में मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक लोगों को अपने घर के पास ही मौके मिले हैं, यहां तक कि उन इलाकों में भी जहां पहले ऐसे संस्थान नहीं थे। इसका नतीजा यह है कि कुशल स्वास्थ्य देखभाल पेशवर की एक बड़ी संख्या तैयार हो रही है, जो एक स्वस्थ भारत की सेवा के लिए तैयार है।

# सामाजिक समस्याओं पर सिर्फ दुख जताने के बजाय अपने घरों से बाहर निकलकर राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एकजुट हों: भागवत

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लोगों से अपील की है कि वे सामाजिक समस्याओं पर सिर्फ दुख जताने के बजाय अपने घरों से बाहर निकलें और राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एकजुट हों। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल एक संगठित समाज ही मजबूत बन सकता है और देश एवं मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकता है।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत शनिवार को केरल की राजधानी तिरवनंतपुरम स्थित 'उदय पैलेस सभागार' में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री भागवत ने कहा कि संघ का कोई विरोधी नहीं है और वह हर व्यक्ति को एक संभावित स्वयंसेवक मानता है। उन्होंने भारत को एक 'हिंदू राष्ट्र' बताते हुए साफ किया कि इस शब्द का मतलब केवल धार्मिक पहचान से नहीं है, बल्कि यह देश के सांस्कृतिक मूल्यों और सभ्यता के जीने के तरीके को दर्शाता है। सामाजिक एकजुटता के महत्व पर जोर देते हुए श्री भागवत ने कहा कि ताकत सिर्फ संगठन से ही आती है। स्वामी विवेकानंद के इस कथन को याद करते हुए कि 'कमजोरी ही मृत्यु है', उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होने और इस विश्वास के साथ भाईचारा बढ़ाने का आग्रह किया कि भारत उनकी साझा मातृभूमि है और सभी भारतीय एक ही माँ की संतान हैं। सरसंघचालक ने कहा कि आज की दुनिया उन मूल्यों और सिद्धांतों की तलाश कर रही है जो भारत की सभ्यता की विरासत में गहराई से समाए हुए हैं और यह भारतीयों की जिम्मेदारी है कि वे इस ज्ञान को पूरी मानवता के साथ साझा करने के लिए खुद को तैयार करें। श्री भागवत ने कहा कि समाज को ताकत आपसी सहयोग और एक-दूसरे पर निर्भरता से मिलती है। उन्होंने यह कहा कि एक मजबूत, आत्मविश्वासी और संकटों से जूझने में सक्षम राष्ट्र के निर्माण के लिए 'धर्म' पर आधारित जीवन जरूरी है। संघ को लेकर लोगों की धारणाओं पर श्री भागवत ने कहा कि शताब्दी व्याख्यान जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम लोगों को उस संगठन को समझने का मौका देते हैं जिसके बारे में अक्सर गलतफहमियां फैलाई गयी हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे सिर्फ किसी के प्रचार या बनायी गयी बातों पर भरोसा न करें, बल्कि सीधे अनुभव के आधार पर अपनी राय बनाएं।

श्री भागवत ने कहा, ''संघ को समझने के लिए केवल भाषण सुनना काफी नहीं हो सकता। किसी को भी अपनी राय बनाने से पहले शाखा जाना चाहिए, शिविर में हिस्सा लेना चाहिए, स्वयंसेवकों से बातचीत करनी चाहिए और संगठन के कामों को देखना चाहिए।''

संघ की शुरुआत के बारे में बताते हुए श्री भागवत ने कहा कि इस संगठन की स्थापना राष्ट्र के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि अपार ताकत और संसाधन होने के बावजूद भारत सदियों तक विदेशी शासन के अधीन रहा। ब्रिटेन सातवीं ऐसी विदेशी ताकत था जिसने देश पर हमला किया और शासन किया।

सरसंघचालक ने ध्यान दिलाया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शुरू हुए कई आंदोलन आजादी के बाद धीमे पड़ गए, जबकि कई सामाजिक सुधार केवल समाज के सीमित हिस्सों तक ही सिमट कर रह गए। उन्होंने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार ने अपने अनुभवों और विचारों से यह निष्कर्ष निकाला था कि भारत अपनी सभ्यता के अनुरूप समाज को संगठित करके ही अपना पुराना गौरव वापस पा सकता है।

केरल के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम तिरुवनंतपुरम पहुंचे श्री भागवत ने आज 'उदय पैलेस सम्मेलन केंद्र' में आमंत्रित लोगों को संबोधित किया था। रविवार बाद में त्रिशूर के 'हयात रीजेंसी' में भी उनका ऐसा ही एक शताब्दी कार्यक्रम को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

# राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस अयोजित करेगी रोजगार मेला

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर 19 जून को कांग्रेस यहां ताल कटोरा स्टेडियम में 'महा रोजगार मेला' आयोजित करेगी, जिसमें 150 से अधिक कंपनियां और संस्थान युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन मे कहा कि मेला 19 जून को सुबह 10 बजे से शुरू होगा जिसमें 10वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर तक के युवा अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार दे सकेंगे। इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया निशुल्क होगी। क्यूआर कोड स्कैन कर युवा कांग्रेस की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है, जबकि ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जो युवा पहले पंजीकरण नहीं करा पाएंगे, वे 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम पहुंचकर मौके पर भी पंजीकरण करा सकेंगे। श्री चिब ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी होगी और चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के बाद भी कांग्रेस का हेल्पलाइन नंबर एक महीने तक सक्रिय रहेगा, ताकि चयनित युवाओं को नौकरी ज्वाइन करने में किसी प्रकार की समस्या आने पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में बेरोजगारी और पेपर लीक के मामले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये हैं। पेपर लीक के 90 से अधिक मामले हो चुके हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की आलोचना करते हुए श्री चिब ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में नहीं है और सरकारी नौकरियां नहीं दे सकती लेकिन समाधान आधारित राजनीति के तहत निजी क्षेत्र के माध्यम से युवाओं को अवसर देने का प्रयास कर रही है।

# दक्षिण एशिया में पहले 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' की भारत करेगा मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। वैश्विक चुनौतियों और संसाधन संकट के इस दौर में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' के 10वें संस्करण की मेजबानी भारत करेगा। इसका आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है।

गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 15 से 18 सितंबर तक होने वाले वैश्विक आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। इसमें अनेक वैश्विक नेताओं विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के नेताओं के आने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान के अशांत और चुनौतीपूर्ण समय में खुशहाली, समृद्धि और लचीलेपन को सुरक्षित करने के लिए बेहतरीन चक्रीय समाधानों को प्रदर्शित करना है। डब्ल्यूसीईएफ-2026 का आयोजन फिनलैंड के इनोवेशन फंड 'सिट्रा' और भारत के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसे केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है और यह गुजरात सरकार के समन्वय के साथ-साथ वैश्विक और भारतीय भागीदारों के सहयोग से संपन्न होगा। 'सिट्रा' के वैश्विक चक्रीय अर्थव्यवस्था कार्यक्रम के निदेशक कारी हरलेवी ने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ''पश्चिमी देशों और ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) दोनों ही जगह नीति निर्माताओं के लिए संसाधनों की पर्याप्तता एक बड़ी चिंता बन गई है। वैश्विक संघर्षों के बीच दुनिया के कई हिस्सों में रहने की लागत (महंगाई) बढ़ रही है। दूसरी ओर, हमारी मौजूदा 'लीनियर इकोनॉमी' यानी - बनाओ, इस्तेमाल करो और फेंको वाली व्यवस्था भारी मात्रा में संसाधनों को बर्बाद कर रही है।

डब्ल्यूसीईएफ की सहयोगी संस्था डच फाउंडेशन 'सर्किल इकोनॉमी' के हालिया आंकड़ों के अनुसार, संसाधनों के सिर्फ एक बार इस्तेमाल होने और नष्ट होने वाली इस रैखिक (लीनियर) अर्थव्यवस्था के कारण दुनिया को हर साल लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है। इसका मुख्य विषय ''चक्रीय अर्थव्यवस्थाः लोगों और समृद्धि के लिए परिवर्तन'' रखा गया है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के समुदायों और व्यवसायों को एक सफल भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ लाना है।

# 12 वर्षों में 61 प्रतिशत बढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क : केंद्र

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में पिछले 12 वर्षों में अवसंरचना विकास और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किया गया है। साल 2014 में सड़क नेटवर्क लगभग 91,287 किलोमीटर था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में 61 प्रतिशत बढ़कर 1,46,572 किलोमीटर से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के इस तीव्र विस्तार और वैश्विक स्तर की अवसंरचना ने देश की आर्थिक प्रगति को गति दी है और माल ढुलाई लागत को कम किया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने रविवार को बताया कि साल 2013-14 में सड़क निर्माण की औसत गति 11.6 किलोमीटर प्रति दिन थी, जो साल 2025 में बढ़कर करीब 34 किलोमीटर प्रति दिन पहुंच चुकी है।

मंत्रालय ने बताया कि आईआईएम बैंगलोर के एक अध्ययन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से कारखानों तक पहुंच आसान हुई है, जिससे परिवहन लागत में भारी कमी आई है। साथ ही, प्रमुख 'भारतमाला परियोजना' के तहत 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा विकसित करने का लक्ष्य है, जिसमें से मार्च 2026 तक 22,590 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। मंत्रालय के अनुसार, करीब 1,386 किलोमीटर लंबा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पूरा होने पर देश का सबसे लंबा नियंत्रित प्रवेश एक्सप्रेस-वे बन जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 जून को इसके गुजरात खंड के किम-एना (36 किमी) और गंदेवा-एना (27.5 किमी) हिस्से का उद्घाटन किया है। इसके अलावा करीब 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे ने भी यात्रा समय को काफी घटाया है।

# अगले छह से सात दिनों के दौरान पूर्वोत्तर के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश के अनुमान: मौसम विभाग

एजेंसी

नयी दिल्ली। आगामी छह से सात दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने आसार हैं, जबकि अगले तीन से चार दिनों के दौरान महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों में कुछ जगहों पर लू चलने का अनुमान है।

मौसम विभाग के रविवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है और इसकी उत्तरी सीमा हरनाई (महाराष्ट्र) सोलापुर (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना) भद्राद्री कोठागुडेम (तेलंगाना), कलिंगपट्टनम (आंध्र प्रदेश), पारादीप (ओडिशा), पारीपदा (ओडिशा), पुरुलिया (पश्चिम बंगाल), धनबाद (झारखंड) और मुजफ्फरपुर (बिहार)से होकर गुजर रही है। अगले चार से पांच दिनों के दौरान महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाकी हिस्सों के साथ-साथ ओडिशा, झारखंड, बिहार और दक्षिण छत्तीसगढ़ में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर 12 से 20 सेमी तक भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मेघालय, तेलंगाना, रायलसीमा और केरल में भी भारी बारिश हुई, जबकि ओडिशा, पश्चिमी मध्य प्रदेश, झारखंड, मराठवाड़ा और बिहार में 60 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी-तूफान देखा गया। इस दौरान देश में सबसे अधिक तापमान गुजरात के भावनगर में 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोंकण, गोवा और मध्य महाराष्ट्र में दिन का तापमान सामान्य से काफी ऊपर रहा। क्षेत्रीय पूर्वानुमान के अनुसार हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में 14 से 20 जून के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14-15 जून को धूलभरी आंधी और बिजली कड़कने के आसार हैं, जबकि राजस्थान में 15 जून को 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज अंधड़ आ सकता है। मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में इस दौरान गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। दूसरी तरफ, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों और सिक्किम में अगले एक सप्ताह तक व्यापक बारिश होगी। बिहार में 16 जून को भारी बारिश की संभावना है, वहीं अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 17 से 19 जून के बीच मूसलाधार बारिश का अनुमान है। तटीय कर्नाटक, केरल, कोंकण और गोवा में भी इस दौरान व्यापक स्तर पर बारिश होने का अनुमान है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में मौसम के मिजाज की बात करें तो 14 जून की शाम या रात के समय आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और धूलभरी आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है, जिससे हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। इसके बाद 15 और 16 जून को भी दोपहर या शाम के समय गरज-चमक के साथ मौसम बदलने की संभावना है और तापमान 38 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। हालांकि 17 जून से दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के तापमान में बढ़ोतरी होगी और यह 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा।

# फर्जी हस्ताक्षर मामले में अभिषेक बनर्जी सीआईडी के सामने पेश हुए

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा से जुड़े कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में तृणमूल कंग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी रविवार को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के सामने पेश होने के लिए विभाग के मुख्यालय पहुंच गये हैं। इसके मद्देनजर कोलकाता के भवानी भवन स्थित मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था का कड़ी व्यवस्था की गयी है। इससे पहले डायमंड हार्बर से सांसद श्री बनर्जी से सीआईडी ने गुरुवार रात को लगभग साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की थी। उस पूछताछ के बाद उन्हें दोबारा समन जारी कर रविवार सुबह पेश होने के लिए कहा गया था। श्री बनर्जी ने पहले ही कहा था कि वह जांच में सहयोग करेंगे और निर्देशानुसार एजेंसी के सामने पेश होंगे। श्री बनर्जी की मुश्किलें इन दिनों कई मामलों को लेकर बढ़ी हुई हैं। शुक्रवार को सीआईडी अधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर साल्ट लेक में दर्ज एक शिकायत के मामले में एक और नोटिस चिपकाया है। यह मामला उनके एक बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्हें 16 जून को पेश होने के लिए कहा गया है। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में उन्हें 15 जून को तलब किया है। इन दोनों ही मामलों में उनके पास कोई कानूनी राहत या सुरक्षा नहीं है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले की सुनवाई करते हुए श्री बनर्जी को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था। हालांकि, अदालत ने सीआईडी को उनके खिलाफ दो सप्ताह तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। अदालत से मिली इसी अंतरिम राहत के बीच श्री बनर्जी रविवार को सीआईडी के सामने पेश हो रहे हैं। आज छुट्टी का दिन होने के बावजूद सुबह से ही सीआईडी के वरिष्ठ अधिकारी भवानी भवन पहुंचने लगे थे। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल और केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। यह बढ़ी हुई सुरक्षा शनिवार तड़के श्री बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर हुई पुलिस की एक नाटकीय कार्रवाई के बाद देखने को मिली है। साल्बोनी थाने की पुलिस उनके करीबी सहयोगी सुमित रॉय की तलाश में वहां पहुंची थी, क्योंकि श्री रॉय के मोबाइल फोन की आखिरी लोकेशन इसी आवास की मिली थी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने तड़के लगभग तीन बजे दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सुबह करीब पांच बजे ताला तोड़ने के लिए आपदा प्रबंधन कर्मियों को बुलाया गया, जिसके बाद पुलिस ने अंदर घुसकर तलाशी ली।

# भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दशक में लगभग 40-45 अरब डॉलर हो जाएगी : डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि नीतिगत सुधारों, बढ़ती निजी भागीदारी और तेजी से हो रहे नवाचार के कारण भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दशक में वर्तमान 8-9 अरब डॉलर से बढ़कर लगभग 40-45 अरब डॉलर हो जाएगी।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने यहां एक प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में हो रहा परिवर्तन पूरे देश में हो रहे एक व्यापक बदलाव को दर्शाता है, जहां विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक विज्ञान और समाज के बीच बढ़ता जुड़ाव है। इसमें नागरिक खुद को भारत की वैज्ञानिक प्रगति में भागीदार के रूप में देख रहे हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, ''सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि आज आम नागरिक भारत की वैज्ञानिक प्रगति से जुड़ाव महसूस करता है और उसमें अपनी हिस्सेदारी देखता है। मंत्री जी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का बढ़ता महत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधनों के माध्यम से विज्ञान आधारित पहलों को लगातार राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, डिजिटल हेल्थ, डीप ओशन मिशन और गगनयान जैसे कार्यक्रमों ने भारत के विकास पथ के केंद्र में विज्ञान और नवाचार को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों में मुख्यधारा मीडिया की बढ़ती उपस्थिति स्वयं वैज्ञानिक विकास में बढ़ती जनता की रूचि को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 जैसे मिशनों ने अंतरिक्ष विज्ञान को जनता की रूचि का विषय बना दिया है। इससे देश भर के नागरिकों में अभूतपूर्व जागरूकता और भागीदारी उत्पन्न हुई है।

मंत्री जी ने कहा कि अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे अग्रणी क्षेत्रों में भारत की बढ़ती क्षमताओं से देश की वैश्विक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों से उत्पन्न विश्वास ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों की विश्वसनीयता को बढ़ाया है और एक विश्वसनीय प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ किया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि हाल की तकनीकी उपलब्धियों ने उभरते क्षेत्रों में भारत की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया है। उन्नत प्रौद्योगिकियां रणनीतिक और आर्थिक परिणामों को तेजी से प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय प्रौद्योगिकियों और उत्पादों की बढ़ती स्वीकार्यता देश की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं की मजबूती को दर्शाती है।

# पेज एक का शेष

## आज लखनऊ ...

सुबह 7:05 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से उड़ान भरकर सुबह 8:05 बजे जेवर पहुंचेगी। वापसी में यह फ्लाइट संख्या 6ई-2279 बनकर शाम को 6:55 बजे जेवर एयरपोर्ट से रवाना होगी और रात 8:00 बजे लखनऊ लैंड करेगी। दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट की जगह जेवर से फ्लाइट शुरू होने से ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, बुलंदशहर और आगरा जैसे पश्चिमी यूपी के इलाकों के यात्रियों को फायदा होगा। इन इलाकों के लोगों को अब दिल्ली के ट्रैफिक और जाम से जूझते हुए आईजीआई एयरपोर्ट नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका अतिरिक्त समय और दिल्ली से नोएडा आने-जाने का किराया दोनों बचेंगे।

## तृणमूल कांग्रेस के...

श्री देव, श्री बापी हलदार और श्री प्रसून बनर्जी समेत कई बागी सांसद रविवार को दिल्ली पहुंचे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद से यह बगावत और तेज हो गयी है। पार्टी के भीतर का संकट पिछले हफ्ते लोकसभा संसदीय दल में उस समय खुलकर सामने आ गया, जब तृणमूल के अधिकतर सांसद पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के नियंत्रण से बाहर जाते दिखे। पिछले हफ्ते, बागी खेमे ने करीब 20 सांसदों के समर्थन का दावा किया था और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन देने की इच्छा जतायी थी। इसी बीच, शुक्रवार को तृणमूल के 19 सांसदों के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज सामने आये थे। रिपोर्टों के मुताबिक, हस्ताक्षर करने वाले सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से सुश्री काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में उन्हें एक अलग गुट के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया है। इस सूची में सुश्री शताब्दी रॉय, सुश्री शर्मिला सरकार, श्री जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया, श्री असित मल, श्री अरूप चक्रवर्ती, श्री कालीपद सोरेन, श्री पार्थ भौमिक, श्री खलीलुर रहमान, श्री अबू ताहेर खान, श्री यूसुफ पठान और मिताली बाग और अन्य सांसद शामिल थे।बताया जा रहा है कि सुश्री रचना बनर्जी और सुश्री सायानी घोष के हस्ताक्षर बाद में जोड़े गये। बागी खेमे को शनिवार को उस समय और ताकत मिली, जब तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को दिल्ली में बागी नेता सुश्री शताब्दी रॉय के साथ यात्रा करते देखा गया, जिससे इन अटकलों को हवा मिली कि वह भी असंतुष्ट समूह में शामिल हो गये हैं। हस्ताक्षर करने वालों की सूची में श्री अभिषेक बनर्जी, श्री कल्याण बनर्जी, श्री सौगत रॉय, सुश्री महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद, शत्रुघ्न सिन्हा, सुश्री प्रतिमा मंडल और सुश्री साजिदा अहमद के नाम नहीं हैं।अगर सुश्री काकोली का दावा सही साबित होता है तो उन सांसदों में से दो सांसद आने वाले दिनों में औपचारिक रूप से बागी खेमे के साथ जुड़ सकते हैं, जो अभी तक इस गुट में शामिल नहीं हुए हैं।उनकी पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। इस बीच, शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा में लौटने की अटकलों को खारिज कर दोहराया है कि वह सुश्री ममता बनर्जी के साथ खड़े हैं।

## उदयपुर इंटरसिटी...

मृतकों की पहचान तथा उनके परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। साथ ही घटना के कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें तथा किसी भी परिस्थिति में चलती अथवा रुकी हुई ट्रेन से बिना अनुमति नीचे न उतरें और रेलवे सुरक्षा नियमों का पालन करें।

## पेड़ों की बनेगी...

पेड़ की कटाई अथवा बड़े स्तर पर छंटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के नहीं की जा सकेगी। प्रत्येक वर्ष इन पेड़ों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा, ताकि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि पेड़ों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विभागीय संस्थानों में वृक्ष परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवस्था लागू की जा रही है।

# सभी को नदी के प्रति अपनी आदतों और व्यवहार में बड़ा बदलाव लाने की जरूरतः रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि हम सभी को नदी के प्रति अपनी आदतों और व्यवहार में बड़ा बदलाव लाने की जरूरत है। रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आज दिल्ली सरकार की ओर से 'यमुना तट स्वच्छता अभियान 2026' के तहत एक महा-सफाई अभियान (मेगा क्लीनिंग ड्राइव) का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत दिल्ली में यमुना के 28 प्रमुख घाटों और तटीय क्षेत्रों पर एक साथ बड़े पैमाने पर सफाई की गई। इसका उद्देश्य राजधानी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने खुद गीता कॉलोनी घाट पहुंचकर इस अभियान की कमान संभाली। उन्होंने आम नागरिकों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर यमुना तट से कचरा साफ किया और श्रमदान देकर समाज के सामने एक मिसाल पेश की। अभियान के दौरान घाटों से भारी मात्रा में प्लास्टिक, सिंगल-यूज पॉलीथीन, पुरानी टूटी मूर्तियां, भगवान के वस्त्र और प्लास्टिक में बंधी पूजा सामग्री निकाली गई। मुख्यमंत्री ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि यह स्थिति इस बात का संकेत है, ''यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है। यदि हम इसे प्रदूषित रखेंगे, तो हमारी पूजा-अर्चना का उद्देश्य कभी पूरा नहीं हो सकता। सरकार अपना काम पूरी तत्परता से करेगी लेकिन यमुना को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नागरिकों को भी आगे आकर अपनी जिम्मेदारी संभालनी होगी। मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित नागरिकों और स्वयंसेवकों को यमुना को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे पूजा सामग्री, फूल-माला और मूर्तियों को सीधे यमुना में प्रवाहित नहीं करेंगे। पॉलीथीन और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करेंगे। नदी में पुराने कपड़े या अन्य कोई अपशिष्ट नहीं फेंकेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत' और पर्यावरण संरक्षण के विजन से प्रेरणा लेते हुए सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें अमृत योजना के तहत नजफगढ़ क्षेत्र में 860 करोड़ रुपये की लागत से 12 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए जा रहे हैं।

# गुजरात के रास्ते देशभर में फैल रहा है नशे का कारोबार : केजरीवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जालंधर। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित होने के बावजूद गुजरात के रास्ते देश में नशे का कारोबार हो रहा है।

पंजाब राज्य व्यापारी आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ शामिल होने के बाद केजरीवाल ने कहा, ''जब हमने सत्ता संभाली तो 70 फीसदी नशा पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए और 30 फीसदी गुजरात से आता था। अब 70 फीसदी नशा गुजरात से आता है। 70 फीसदी चिट्टा गुजरात से आता है। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार ने पंजाब-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित कर पाकिस्तान से आने वाले नशे की खेप को सफलतापूर्वक कम किया है। उन्होंने कहा कि इस ड्रोन रोधी प्रणाली से ड्रोन को राज्य में दाखिल होने से पहले ही रोका और नष्ट किया जा सकता है। गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर 2021 में 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के करीब 3,000 किलोग्राम नशीले पदार्थ की बरामदगी का हवाला देते हुए आप प्रमुख ने दावा किया, ''वह तो केवल उतनी मात्रा थी जो पकड़ी गई। रोज कितना बच निकलता है, कोई नहीं जानता। केजरीवाल ने पिछले साल की कैग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट के अनुसार गुजरात में 2,200 किलोग्राम नशा कथित तौर पर चूहे निघल गए३ उन मादक पदार्थ का असल में क्या हुआ, यह कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा, ''आज गुजरात के रास्ते से पूरे देश में नशे का कारोबार फैल रहा है और वह भी 'ईडी पार्टी' (भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में) के राज में। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार पंजाब में नशे की समस्या से निपटने के लिए लगातार काम कर रही है और उन्हें भरोसा है कि पंजाब की जनता के समर्थन से आप अगले पांच साल भी यह प्रयास जारी रखेगी। इस बीच, मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को यहां आयोजित परशुराम जयंती के राज्यस्तरीय समारोह में श्रद्धालुओं के साथ भाग लिया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गायक हंसराज रघुवंशी ने भगवान शिव और भगवान परशुराम को समर्पित भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# वैश्विक ऑनलाइन योग ने रचा इतिहास चार लाख से ज्यादा लोगों ने किया योग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' से पहले रविवार को ऑनलाइन योग सत्र ने एक नया इतिहास रच दिया। सुबह आयोजित ऑनलाइन योग सत्र में देश ही नहीं दुनिया में करीब 4,35,831 लोगों ने एक साथ योग किया। पिछले साल यह संख्या 2,46,452 थी।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की एक शैली है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से योग को अपनी जीवनशैली बनाने और अपने परिवार, मित्रों व समाज को भी इससे जोड़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज एक वैश्विक जन आंदोलन बन चुका है। यूट्यूब लाइव स्ट्रीम पर लाखों देशवासियों की सहभागिता ने गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत की सामूहिक योग शक्ति का अद्भुत परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 'योग365' का आह्वान हमें प्रेरणा देता है कि हम योग को केवल 21 जून तक सीमित न रखकर, इसे वर्ष के 365 दिन अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। यह मात्र एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण का सुदृढ़ संकल्प है। इस मौके पर आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में मुख्य योग कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। आयुष सचिव ने देश और दुनिया के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सकते, वे वर्चुअली जुड़कर प्रधानमंत्री जी के साथ योग करें। अपने योगाभ्यास की सेल्फी 卐हर घर योग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करें और आयुष मंत्रालय को टैग करें । उल्लेखनीय है कि इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और अधिक सुलभ बनाने के लिए आयुष मंत्रालय के आधिकारिक यू ट्यूब चैनल पर लगातार 100 दिनों तक मुफ्त ऑनलाइन लाइव योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। हैबिल्ड के संस्थापक के मार्गदर्शन में हुए इस यूट्यूब लाइव स्ट्रीम में भारत सहित दुनियाभर के लाखों लोगों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। लाखों योग साधकों की इस अभूतपूर्व सहभागिता ने 'गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड' की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाते हुए, विश्व पटल पर भारत की सामूहिक योग शक्ति का अद्भुत परिचय दिया है।

# मुख्यमंत्री ने किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर खरीफ महाभियान-2026 का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार सरकार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास 01 अणे मार्ग से किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर इस राज्यव्यापी अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर खरीफ मौसम से संबंधित दो विशेष कृषि ज्ञान वाहनों सहित राज्य के सभी जिलों के लिए तैयार किसान जागरूकता वाहनों को रवाना किया गया। खरीफ महाभियान-2026 का उद्देश्य किसानों तक उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक खेती की पद्धतियों और कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। अभियान के तहत जागरूकता वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को सरकारी योजनाओं, कृषि अनुदान, उन्नत बीजों और खेती से जुड़ी नवीनतम तकनीकों की जानकारी देंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान में किसानों को खरीफ मौसम के दौरान संचालित विभिन्न योजनाओं, अनुदानित दर पर उपलब्ध कृषि उपादानों और आधुनिक कृषि संसाधनों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के माध्यम से किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और कृषि विस्तार सेवाओं से जुड़ी जानकारियां भी किसानों तक पहुंचाई जाएंगी। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन, खेत बचाओ अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और किसानों की समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कृषि क्षेत्र में तकनीक और नवाचार के समावेश से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि किसान जागरूकता वाहन ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर किसानों को नवीनतम कृषि जानकारी उपलब्ध कराएंगे और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आधुनिक तकनीकों के प्रयोग और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। इसके लिए किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना आवश्यक है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ महाभियान-2026 के दौरान राज्यभर में किसान चौपाल, प्रशिक्षण शिविर, तकनीकी परामर्श कार्यक्रम और जागरूकता अभियान भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण, उन्नत बीज चयन और बेहतर उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# कालकाजी फ्लाईओवर के पास रेस्तरां में आग, तीन एलपीजी सिलेंडर फटे

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी-गोविंदपुरी फ्लाईओवर के पास रविवार तड़के एक रेस्तरां और उससे सटी इमारत में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के दौरान तीन व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट भी हुआ, जिससे आग और भड़क गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, रविवार सुबह करीब 4:45 बजे न्यू प्लेस थाना क्षेत्र में स्थित एच-ब्लॉक, पंजाबी तड़का रेस्तरां के पास आग लगने की सूचना मिली। रेस्तरां कालकाजी से गोविंदपुरी जाने वाले फ्लाईओवर के निकट, अंजली ज्वेलर्स और देशबंधु गुप्ता कॉलेज के पास स्थित है। सूचना मिलने पर शुरुआती तौर पर दो वाटर टेंडर, तीन वाटर बाउजर और एक ब्रेथिंग सपोर्ट यूनिट को मौके पर भेजा गया।

# बिहार के महाधिवक्ता पीके शाही ने दिया इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) प्रशांत कुमार शाही उर्फ पीके शाही ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफ़े के साथ ही राज्य का सर्वोच्च कानूनी पद रिक्त हो गया है। हालांकि उन्होंने किन कारणों से यह निर्णय लिया, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। उनके अचानक इस्तीफ़े से राज्य के राजनीतिक और कानूनी हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पीके शाही बिहार की राजनीति और विधि जगत का एक जाना-पहचाना नाम हैं। वे लंबे समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगियों में गिने जाते रहे हैं और सरकार में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। महाधिवक्ता के रूप में उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में बिहार सरकार का प्रभावी ढंग से पक्ष रखा और सरकार के प्रमुख कानूनी सलाहकार की भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि पीके शाही को 16 जनवरी 2023 को बिहार का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। तत्कालीन महाधिवक्ता ललित किशोर के इस्तीफ़े के बाद राज्य सरकार ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद से वे राज्य सरकार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों में न्यायालय के समक्ष सरकार का पक्ष रखते रहे। कानूनी क्षेत्र में पीके शाही का अनुभव काफी व्यापक माना जाता है। अपने पूर्व कार्यकालों में उन्होंने राज्य सरकार को कई महत्वपूर्ण मामलों में कानूनी परामर्श दिया था। प्रशासनिक सुधारों, पुलिस व्यवस्था के पुनर्गठन तथा विभिन्न विधायी पहल को कानूनी आधार प्रदान करने में उनके कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कानूनी सहायता सेवा प्राधिकरणों के विस्तार और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय माना जाता है। राजनीतिक जीवन में भी पीके शाही की सक्रिय भूमिका रही है। वर्ष 2010 से 2015 तक वे नीतीश कुमार सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने पहले शिक्षा विभाग और बाद में वन एवं पर्यावरण विभाग का दायित्व संभाला। शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने कई नीतिगत फैसलों और सुधारात्मक पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# सोमवती अमावस्या स्नान से पहले हरिद्वार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या स्नान पर्व से पूर्व धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। रविवार को सुबह से ही राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रमुख संपर्क मार्गों और शहर की आंतरिक सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते कई स्थानों पर लंबा जाम लग गया।

श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों तक ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ा। प्रशासन और पुलिस द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किए जाने के बावजूद बढ़ती भीड़ के सामने व्यवस्थाएं कई जगहों पर दबाव में नजर आईं। सोमवती अमावस्या का धार्मिक महत्व होने के कारण देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंच रहे हैं। स्नान पर्व से एक दिन पहले ही शहर में श्रद्धालुओं का रेला शुरू हो गया था, जिससे रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास भारी भीड़ देखने को मिली। प्रशासन के अनुमान से कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से यातायात संचालन एक बड़ी चुनौती बन गया। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने ऋषिकुल तिराहे से हरकी पैड़ी तक के क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया था। इस क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई गई और श्रद्धालुओं को पैदल या निर्धारित वैकल्पिक साधनों से आगे जाने की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही वीकेंड और सोमवती अमावस्या स्नान से पूर्व 13 जून से ही यातायात प्लान लागू कर दिया गया था। हालांकि, श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के कारण आसपास के मार्गों पर दबाव बढ़ गया और कई सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शहर के शंकर आश्रम से ऋषिकुल तिराहे तक वाहनों का लंबा जाम देखने को मिला। कनखल क्षेत्र में भी जाम से बूरा हाल देखने को मिला। कई स्थानों पर वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आए। हाईवे पर भी वाहनों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक रही, जिसके चलते यातायात की रफ्तार बेहद धीमी हो गई। कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने में एक से दो घंटे तक का समय लग गया। भीषण गर्मी और उमस के बीच पुलिसकर्मी, होमगार्ड तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवान लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे। ट्रैफिक पुलिस के जवान चौराहों और प्रमुख मार्गों पर यातायात को नियंत्रित करते हुए दिखाई दिए। कई स्थानों पर पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देते रहे और लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते रहे। गर्म मौसम के बावजूद पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था संभालते नजर आए। प्रशासन ने स्नान पर्व को देखते हुए सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए हैं। विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से भीड़ और यातायात की निगरानी की जा रही है। साथ ही आपातकालीन सेवाओं को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

# बिहार के पारंपरिक उत्पाद नालंदा का बावन बूटी को मिला भौगोलिक संकेतक जी आई टैग

नालंदा। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक तथा बिहार सरकार के संयुक्त प्रयासों से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक एवं हस्तशिल्प विरासत को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। बिहार के विशिष्ट पारंपरिक उत्पाद में नालंदा के बावन बूटी साड़ी एवं फैब्रिक को भौगोलिक संकेतक (जी आई) टैग प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों एवं ग्रामीण उत्पादक समुदायों के लिए गर्व का विषय है। जी आई टैग किसी उत्पाद की विशिष्टता, गुणवत्ता और भौगोलिक पहचान को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के अंतर्गत किया जाता हैक्र जी आई टैग प्रदान करने का कार्य भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री, चेन्नई द्वारा किया जाता है। बिहार के इन उत्पादों के जी आई पंजीकरण की प्रक्रिया में ह्यूमन वेलफ़ेयर एसोसिएशन वाराणसी के महासचिव, पद्मश्री डॉ रजनीकांत का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। नाबार्ड ने उत्पादक समूहों, शिल्पकार संगठनों तथा स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर इन उत्पादों के दस्तावेजीकरण, पंजीकरण और जी आई टैग प्राप्त करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कांग्रेस का हल्लाबोल, गैस सिलेंडर कंधों पर उठाकर किया प्रदर्शन, सरकार का फूका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के शिवालिक नगर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कंधों पर गैस सिलेंडर उठाकर विरोध जताया, सरकार विरोधी नारे लगाए और बाद में सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता का जीवन मुश्किल बना दिया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर परिवहन, कृषि, व्यापार और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ रहा है। इसके कारण बाजार में महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम लोग आर्थिक दबाव झेलने को मजबूर हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और परिवारों के लिए घरेलू खर्च चलाना चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने के बजाय जनता की समस्याओं से मुंह मोड़े हुए है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज धनगर ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि आम लोगों की आय में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देने के बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार आज महंगाई के मुद्दे पर पूरी तरह असहाय दिखाई दे रही है। मनोज धनगर ने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई दोनों चरम पर हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और दूसरी ओर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम आदमी सबसे अधिक आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं श्रमिक नेता राजबीर चौहान ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर मजदूरों, किसानों, रिक्शा चालकों, छोटे व्यापारियों और निम्न आय वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। डीजल महंगा होने से खेती की लागत बढ़ रही है, जबकि पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव लगभग हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063